# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 4 अप्रैल 2024


- गर्मी को देखते हुए फैसला, लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किया आदेश
- हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित की थी खबर



**तिल्दा में पारा 43 के करीब**

अप्रैल की शुरुआत के साथ राज्य में गर्मी का प्रकोप शुरु हो चुका है। बुधवार को तिल्दा का अधिकतम तापमान 43 के डिग्री के करीब पहुंच गया। अगले दो दिन प्रदेश में बढ़ती गर्मी का अहसास शेष पेज 4 पर

# खबर का असरः स्कूलों में 11 बजे से पहले देनी होगी छुट्टी, 4 घंटे से अधिक कक्षाएं नहीं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

पूरे प्रदेश में अब स्कूलों की छुट्टी 11 बजे कर दी जाएगी। शासकीय व निजी दोनों ही विद्यालयों के लिए यह नियम लागू रहेगा। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। गौरतलब है कि राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में गर्मी अपने चरम पर है। हरिभूमि ने मासूम बच्चों की समस्याओं को सामने रखते हुए प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी। अब इसे संज्ञान में लेत हुए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा यह आदेश जारी किया गया है।

आदेश में कहा गया है कि जिन स्कूलों में केवल एक पाली में कक्षाओं का संचालन हो रहा है, वहां सुबह 7 से 11 बजे तक कक्षाएं लगाई जाएं। शेष पेज 4 पर

### कई जिलों में बदला समय, लेकिन राहत नहीं

*रायपुर में आदेश जारी कर स्कूलों का समय आधा घंटा घटाया गया था। पहली पाली की कक्षाएं 11.30 बजे छोड़ने निर्देश दिए गए थे। वहीं दूसरी पाली की कक्षाएं 11.30 से 4.30 तक संचालित करने कहा गया था। 11.30 बजे स्कूलों की छुट्टी होने की स्थिति में भी बच्चों को विद्यालय से घर की दूरी तय करते हुए 12 बज रहे थे। इससे छात्रों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा था। अन्य जिलों में भी आधे घंटे की ही राहत दी गई थी। बच्चों की समस्याओं को देखते हुए अब 11 बजे तक अनिवार्य रूप से स्कूलों में छुट्टी दे दी जाएगी।*

### अप्रैल अंत तक प्रभावी रहेगा नियम

*नई समय-सारिणी 4 अप्रैल से लागू करने निर्देश दिए गए हैं। सीबीएसई स्कूलों में अप्रैल अंत तक कक्षाएं संचालित होती है। आदेश के अनुसार, अप्रैल अंत तक नई समय-सारिणी का पालन करते हुए ही कक्षाएं संचालित करनी होगी। इसके पश्चात ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा कर दी जाएगी। आदेश जारी होने के बाद निजी विद्यालयों द्वारा पालकों को मैसेज भेजकर नए समय की जानकारी देर रात तक दी जाती रही।*









**INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 — स्कोर बोर्ड**

केकेआर 272/7 Vs दिल्ली कैपिटल 166/10

दिल्ली को 106 रन से हराया

एसपी नारायण — प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच: गुजरात Vs पंजाब

समय: शाम 7.30 बजे

## मोदी पर डा. महंत की टिप्पणी से गरमाया मामला, निर्वाचन आयोग से शिकायत

# साय ने कहा- मैं भी मोदी का परिवार, पहला डंडा मुझे मारें, महंत बोले-मुहावरे में कहा था





*'मैं भी मोदी परिवार का हूं, पहले डंडा मुझे मारें।' यह बयान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के कथित डंडा मारने वाले बयान पर पलटवार करते हुए दिया है। उन्होंने कहा, जिस तरह से छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए बोला है, उसका दुख है। हम इसकी आलोचना करते हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

श्री साय ने कहा, पहले भी प्रधानमंत्री को लेकर कांग्रेस ने कई तरह के बयान दिए, इसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ा। देश की जनता ने कांग्रेस को इस मुकाम में पहुंचा दिया कि नेता प्रतिपक्ष बनने की स्थिति भी नहीं थी। भाजपा की दरियादिली के कारण मल्लिकार्जुन खड़गे को नेता प्रतिपक्ष बना दिया। उन्होंने कहा, इस बार जनता नहीं करेगी बर्दाश्त, कांग्रेस नहीं जीत पाएगी एक भी सीट।

**महंत ने पीएम मोदी पर की विवादित टिप्पणीः** राजनांदगांव में मंगलवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नामांकन से पहले जनसभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता शेष पेज 4 पर

### महंत के बंगले का घेराव

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के बयान के विरोध में गृहमंत्री विजय शर्मा और प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए शंकर नगर स्थित बंगले का घेराव करने पहुंचे। मामले को लेकर गृहमंत्री ने कहा, नेता प्रतिपक्ष के बयान से भाजपा कार्यकर्ताओं में गुस्सा है। विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों भाजपाईयों ने हिस्सा लिया।






### महंत ने कहा- गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया

प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी के बाद चर्चा में बने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपनी सफाई पेश की है। उन्होंने कहा, मेरी भावनाओं को गलतबयानी कर ओछी राजनीति की आड़ में मेरी शेष पेज 4 पर

### ये बयान कांग्रेस का चरित्र बता रहा है- नितिन नबीन

प्रधानमंत्री मोदी पर कांग्रेस नेता चरणदास महंत के विवादित बयान पर भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा, जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। जनता इसका करारा जवाब देगी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपमानित करने, उन्हें गालियां देने का कांग्रेस का पुराना इतिहास है। इतिहास इस बात का भी गवाह है कि कांग्रेस ने जितनी गालियां मोदी को दी है, जनता ने उसे गहना बनाया है। कांग्रेस को सबक सिखाया है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का प्रधानमंत्री मोदी के लिए दिया गया बयान, हिंसक, भड़काऊ और उग्र है। देश की संवैधानिक मर्यादाओं को तोड़ने वाला बयान है।

### पीएम से पहले शाह की सभा

# 6 को कवर्धा में शाह की चुनावी सभा

*प्रधानमंत्री की कोंडागांव के भानपुरी में 8 को होगी सभा*





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं कराने की रणनीति तैयार की है। इस कड़ी में सबसे बड़ी आमसभा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 8 अप्रैल को कोंडागांव के भानपुरी में होगी, लेकिन इसके पहले 6 अप्रैल को केंद्रीय मंत्री अमित शाह की राजनांदगांव लोकसभा के कवर्धा में आमसभा होगी। राजनांदगांव से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव लड़ रहे हैं। यही वजह है कि भाजपा के राष्ट्रीय संगठन का राजनांदगांव पर भी बड़ा फोकस है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन का छत्तीसगढ़ पर भी बड़ा फोकस है। भाजपा ने यहां की सभी 11 की 11 सीटें जीतने की रणनीति तैयार की है। इसको लेकर प्रचार-प्रसार में भी पूरी ताकत झोंकने की रणनीति बनी है। चुनाव के लिए रणनीति बनाने का जिम्मा इस बार प्रदेश के सह प्रभारी नितिन नवीन पर है। उनको चुनाव का प्रभारी बनाया गया है, क्योंकि यहां पर प्रदेश के प्रभारी ओम माथुर का आना नहीं हो रहा है। राष्ट्रीय संगठन ने उनको दूसरी बड़ी जिम्मेदारी देकर रखी है। श्री नवीन लगातार बैठकें करके रणनीति बना रहे हैं। मंगलवार को राजनांदगांव में बैठक करके केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सभा तय की गई है। सभा कवर्धा में कराने का फैसला किया गया है। इसके लिए सभी का जिम्मा भी तय किया गया है।

## खबर संक्षेप

### विस्तारा ने 26 और उड़ानें रद्द कीं




**मुंबई।** चालक दल की अनुपलब्धता के कारण उड़ानें रद्द होने के बीच विस्तारा के शीर्ष अधिकारियों ने बुधवार को पायलटों के साथ बैठक की। इसमें नए अनुबंध और ड्यूटी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। टाटा समूह की एयरलाइन ने बुधवार को 26 उड़ानें रद्द कीं।

### 12 नए सदस्यों ने ली राज्यसभा की सदस्यता



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को उच्च सदन के 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। संसद भवन में इस शपथ ग्रहण समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और महासचिव पी के मोदी भी उपस्थित थे। शपथ लेने वाले सदस्यों का कार्यकाल 3 अप्रैल से शुरू हो रहा है।

### एनसीईआरटी की नकली किताबें जब्त, मामला दर्ज



**फरीदाबाद।** हरियाणा में मुख्यमंत्री उड़न दस्ते ने बुधवार को यहां पुस्तक विक्रेता की दुकान व उसके गोदाम पर छापा मारकर बड़ी संख्या में एनसीईआरटी की नकली किताबें जब्त की हैं। जांच के दौरान गोदाम में कक्षा छह से 12 तक के विभिन्न विषयों की करीब 5,600 नकली किताबें बरामद हुईं।

### कोर्ट ने 6 सप्ताह के भीतर चयन सूची जारी करने कहा

# हटाए जाएंगे 3500 बीएड धारी सहायक शिक्षक

**हाईकोर्ट के आदेश के बाद डीपीआई ने जिलों से मांगी जानकारी**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

हाईकोर्ट के आदेश के बाद बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों की नियुक्ति संकट में है। कोर्ट द्वारा फैसला सुनाए जाने के बाद अब इन बीएड शिक्षकों की जगह डीएलएड डिग्रीधारी शिक्षकों की नियुक्ति होगी। कोर्ट ने अपने आदेश में 6 सप्ताह के भीतर चयन सूची जारी करने कहा है। ऐसे में जल्द से जल्द प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी की जा रही है। कहा जा रहा है कि राज्यभर में 3500 बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों को हटाकर उनकी जगह डीएलएड वालों की सूची बनेगी।

गौरतलब है कि भूपेश सरकार ने अपने शासनकाल में स्कूलों में शिक्षकों के 10,500 पदों पर भर्ती निकाली थी। इनमें से 6 हजार 500 पद प्राथमिक शिक्षकों के थे। नियमतः प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए डीएलएड की डिग्री शेष पेज 4 पर

### व्यापम ने 10 जून को ली थी परीक्षा

शिक्षक भर्ती परीक्षा व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 2023 में 10 जून को आयोजन की गई थी। इसके बाद 20 जून को मॉडल आंसर जारी कर 23 जून तक दावा आपत्ति मांगी गई थी। तत्पश्चात अगस्त माह से शिक्षकों की नियुक्ति प्रारंभ हुई। दिसंबर-जनवरी तक यह प्रक्रिया चली। इसी दौरान एक मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्राथमिक कक्षाओं शेष पेज 4 पर

### तकनीक में फर्क

प्राइवेट बीएड कॉलेज के संयोजक राजीव गुप्ता ने कहा, पहली से पांचवीं कक्षा तक के छात्र छोटे होते हैं। इन्हें पढ़ाने की तकनीक अपेक्षाकृत अलग होती है, जिसका अध्यापन डीएलएड में कराया जाता है। जबकि बड़े बच्चों की पढ़ाई की तकनीक अलग होती है। इस आधार पर ही दोनों पाठ्यक्रमों को पृथक-पृथक रूप से डिजाइन किया जाता है। याचिकाकर्ताओं के वकील ईशान वर्मा ने कहा, कोर्ट ने 6 सप्ताह शेष पेज 4 पर

### सहायक शिक्षक के थे 6 हजार 500 पद

प्राथमिक कक्षा अर्थात पहली से पांचवीं कक्षा के शिक्षकों को सहायक शिक्षक कहा जाता है। 10 हजार 500 में से 6 हजार 500 पद सहयक शिक्षक के थे। व्यापम द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर सहायक शिक्षकों के पदों पर बीएड और डीएलएड दोनों ही अभ्यर्थियों की नियुक्ति दी गई। 6 हजार 500 में से 3 हजार 500 पदों पर बीएड अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई, जबकि शेष पद डीएलएड डिग्रीधारियों से भरे गए। अब इन 3 हजार 500 बीएड शिक्षकों की जगह डीएलएड शिक्षक लेंगे।

### पॉवर सेक्टर की 33 कंपनियों का मूल्यांकन, सीएम ने दी बधाई

# राज्य पॉवर जनरेशन कंपनी देश में अव्वल सीईए ने जारी की पॉवर कंपनियों की रैंकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



वित्तीय वर्ष 2023-24 के परफार्मेंस 84.45 प्रतिशत पीएलएफ उपलब्धि के साथ छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर जनरेशन कंपनी को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा भारत में स्टेट सेक्टर की 33 कंपनियों, निगमों-मण्डलों के कामकाज का मूल्यांकन करते हुए यह रैंकिंग जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले छत्तीसगढ़ को एक बार देश में चौथा स्थान प्राप्त हुआ था, लेकिन प्रथम स्थान पहली बार वर्ष शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री ने दी बधाई

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर जनरेशन कंपनी के देश में स्टेट सेक्टर में प्रथम स्थान हासिल करने को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अत्यंत गौरवशाली निरूपित किया है। उन्होंने इसके लिए राज्य पॉवर जनरेशन कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा, यह सुशासन के प्रति उनके दृढ़ संकल्पों और तत्परता का परिणाम है।

# यस बैंक में अवैध खाते से 165 करोड़ का फर्जी लेनदेन, ईडी कर सकती है जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

- हाईकोर्ट ने राज्य शासन से मांगी जानकारी

यस बैंक में अवैध खाता खुलवाकर 165 करोड़ रुपए के फर्जी लेनदेन मामले में हाईकोर्ट ने आयकर विभाग के साथ राज्य सरकार द्वारा की जा रही लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार के डीआरआई विभाग से जांच कराए जाने के लिए उसे भी पक्षकार बनाने कहा है। इसके लिए याचिकाकर्ता कोर्ट के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करेगा। अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी। शेष पेज 4 पर



### शपथ पत्र के साथ पेश होगी लेनदेन की संपूर्ण जानकारी

शासन के महाअधिवक्ता प्रफुल्ल कुमार भारत ने बताया कि अब तक कई लोगों के बयान लिए गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा भी जांच संभव है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि खाते में पैसे कहां से आए और किसको-किसको दिए गए हैं। अनिमेष सिंह एक साधारण कर्मी था। उसके नाम के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से अधिकांश लेनदेन हुआ है। इसके बाद कोर्ट शेष पेज 4 पर

**हाईकोर्ट ने कहा**

### बीसी खिलाना भी तो अवैध ही

बुधवार को इस मामले में सुनवाई के दौरान आयकर विभाग की ओर से कहा गया कि पूर्व में वीरेंद्र पांडे के माध्यम से एक शिकायती पत्र उन्हें मिला था। उसके पश्चात दुर्ग जिले के लोकसभा सांसद विजय बघेल की शिकायत पर प्रधानमंत्री कार्यालय से जांच करने और करों के निर्धारण करने हेतु एक पत्र प्राप्त हुआ शेष पेज 4 पर

### भाजपा मप्र अध्यक्ष का दावा, इस बार भाजपा देश में बनाएगी इतिहास

# रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बहिष्कार से कांग्रेसियों का दिल टूटा, उन्होंने अपमानित महसूस किया, इसलिए वे भाजपा में आ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

inh न्यूज विशेष

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व खजुराहो लोकसभा के प्रत्याशी वीडी शर्मा किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। वे संगठन का दायित्व संभालते हुए स्वयं लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी लगातार कीर्तिमान रच रही है। उनका मानना है कि 2047 का विकसित भारत बनाने और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरा देश पीएम मोदी को पुनः पीएम बनाने के लिए लालायित शेष पेज 4 पर

### ये भी बोले वीडी?

भारत को 2047 तक विकसित और इसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरा देश पीएम मोदी को पुन: पीएम बनाए

इस बार भाजपा देश में इतिहास बनाएगी, प्रदेश की सभी 29 सीटें जीतेंगे, साथ ही देश में 400 पार का जो नारा है, वह भी पूरा होगा

मैं निराश हूं कि खजुराहो से कांग्रेस ने मैदान में उतरने से पहले ही बोरिया-बिस्तर बांध लिया

*भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व खजुराहो लोकसभा के प्रत्याशी वीडी शर्मा से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'*



### उनसे सीधी बात

*सवालः लोकसभा चुनाव को आप किस रूप में देख रहे हैं?*

जवाबः लोकसभा चुनाव को लेकर जिस तरह से देश के अंदर वातावरण बना है, तो पूरा देश पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्ता की बागडोर देने के लिए आतुर है। मप्र इसमें अग्रणी भूमिका निभाएगा। इस संदर्भ में कई कार्यक्रम चल रहे हैं। इसलिए पूरा देश आज मोदीमय है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा का एक-एक शेष पेज 4 पर



हरिभूमि रण भूमि लोकसभा

सत्ता संग्राम-2024



# आप की प्राथमिकता में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, इसलिए दुखी होकर छोड़ी पार्टी- कोमल हुपेंडी

*छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश अध्यक्ष रहे कोमल हुपेंडी ने एक दिन पहले ही आप का साथ छोड़कर भाजपा में प्रवेश कर लिया है। आप पार्टी छोड़ने के सवाल पर हरिभूमि से चर्चा में कोमल ने कहा कि इस पार्टी की प्राथमिकता में दिल्ली, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य हैं। छत्तीसगढ़ इनकी प्राथमिकता में नहीं है। इसी वजह से आप पार्टी को छोड़ा है। उन्होंने ये भी कहा कि आप पार्टी 10 साल में कुछ नहीं कर पाई, इससे कोई उम्मीद नहीं बची थी।*

## केजरीवाल से प्रभावित होकर राजनीति में आया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोमल हुपेंडी ने एक दिन पहले ही भाजपा की सदस्यता ली है। उनके साथ आप पार्टी में जुड़े कई अन्य नेताओं ने करीब एक महीना पहले ही आप को छोड़कर भाजपा प्रवेश किया था। इसी समय चर्चा थी कि कोमल भी आप का साथ छोड़ेंगे। उनसे यह पूछे जाने पर कि साथियों को भाजपा में जाने के बाद आपको इतना समय क्यों लगा? उन्होंने कहा कि मेरे साथी जब भाजपा में गए तो मैंने कई दिनों तक सोच विचार किया, इसके बाद भाजपा में आने का विचार किया। उन्होंने कहा कि मैं कोई काम हड़बड़ी में नहीं करना चाहता था, इसलिए समय लगा।



## कोई उम्मीद नहीं बची तो किया भाजपा में प्रवेश

### नौकरी छोड़कर आए थे राजनीति में

कोमल हुपेंडी कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भानुप्रतापपुर इलाके के निवासी है। वे राजनीति में आने से पहले सहकारिता विस्तार अधिकारी के रूप में काम करते थे। उनके मन में अपने गांव के लोगों के लिए काम करने की भावना था। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी, पिछड़ों के लिए काम करना चाहते थेष इसलिए राजनीति में आए। उन्होंने बताया कि वे आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की राजनीति से प्रभावित थे, खासकर इसलिए कि उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छे काम की शुरुआत की थी। यही कारण था कि वे 2016 में नौकरी छोड़कर आप पार्टी में शामिल हो गए थे।

### आप के नेतृत्व से नहीं मिला सहयोग

*कोमल हुपेंडी बताते हैं कि उन्होंने आप पार्टी के लिए काफी मेहतन से गंभीर प्रयास किए। लेकिन पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से जो सहयोग मिलना था वह नहीं मिला। मुझे लगता है कि आप पार्टी की प्राथमिकता में कभी छत्तीसगढ़ नहीं रहा। उनका पूरा फोकस दिल्ली, पंजाब,हरियाणा गुजरात ओर गोवा जैसे राज्यों पर था। यहां छत्तीसगढ़ में वे केवल औपचारिकता निभा रहे थे।*

### दो चुनाव लड़े और सबसे ज्यादा वोट मिले

कोमल हुपेंडी ने बताया कि आप पार्टी के रूप में उन्होंने 2018 और 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ा था। पहले चुनाव में 10 हजार से अधिक और दूसरे चुनाव में 15 हजार के करीब वोट मिले थे। प्रदेश में आप के किसी भी प्रत्याशी को इतने वोट नहीं मिले थे। 2018 के चुनाव के बाद उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। यह पूछने पर कि आप में थे तो प्रदेश अध्यक्ष थे, भाजपा में आकर कार्यकर्ता बन गए कैसा लग रहा है? उन्होंने कहा कि आप में प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए भी मैं दिन रात कार्यकर्ता की तरह ही काम करता था। मुझे पद से बहुत अधिक लेना देना नहीं है। मेरी आदत है कि मैं अपने काम छोड़कर भी पार्टी के काम को पूरी निष्ठा से करता हूं। पद की कोई अपेक्षा नहीं है।

### छत्तीसगढ़ में भाजपा सभी 11 सीटें जीतेगी

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन की संभावना पर उन्होंने कहा कि राज्य की सभी 11 लोकसभा सीटें भाजपा जीतेगी। राज्य की नक्सल समस्या के बारे में उनका कहना है कि यह एक विकट समस्या है। नक्सलवाद पर रोक लगाए जाने की जरुरत है। उन्होंने भरोसा जताया कि राज्य में भाजपा सरकार के प्रयास से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति बहाली हो सकेगी। बातचीत के जरिए भी रास्ता निकाला जा सकता है। उन्होंने ये भरोसा भी जताया कि राज्य में भाजपा की सरकार होने के कारण वे लोगों की समस्याएं शासन तक पंहुचा सकेंगे। उन्होंने कहा मैंने राजनीति में आने के दौरान जो सपना देखा था, वैसा भले ही न कर पाउं लेकिन कुछ तो कर ही सकूंगा।

## आमने/सामने

### जनता देगी कांग्रेस को जवाब : साय



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिए गए अमर्यादित बयान पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पलटवार करते हुए कहा, मैं डॉ. चरणदास महंत और कांग्रेसियों से कहना चाहता हूं कि अगर उनमें हिम्मत है, तो मैं भी मोदी परिवार का सदस्य हूं, पहली लाठी मुझे मारें। कांग्रेसियों ने पहले भी पीएम मोदी को चौकीदार चोर है कहा था, जिसका जवाब देश की जनता ने अच्छे से दिया था। कांग्रेस के इस घटिया बयान का करारा जवाब जनता ही फिर से देगी।*

### मेरे बयान पर ओछी राजनीति : महंत



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपने बयान को तोड़-मरोड़कर प्रचारित-प्रसारित करने वालों को स्पष्ट किया है कि उन्हें छत्तीसगढ़ की रीति-नीति व संस्कृति का शायद ज्ञान नहीं है, इसलिए उनके सहज व विशुद्ध छत्तीसगढ़िया वाक्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। मेरी भावनाओ को गलत बयानी कर ओछी राजनीति की आड़ लेकर मुझ जैसे छत्तीसगढ़िया की छवि और शीर्ष नेताओं के साथ संबंधों को खराब करने का काम न करें।

## पद्मनाभ मंदिर में थरूर



तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस उम्मीदवार शशि थरूर ने बुधवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर भगवान का आशीर्वाद लेने पहुंचे।

## भाजपा सांसद को धमकी 'तेरे टुकड़े न कर दिए तो...'

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

सपा प्रमुख अखिलेश यादव की राजनीति का गढ़ समझे जाने वाले कन्नौज में खुले मंच से धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है।

■ कन्नौज की घटना

सपा मुखिया लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कन्नौज में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया। इसके बाद समाजवादी पार्टी के एक नेता ने मंच से ही बीजेपी के नेता और सांसद सुब्रत पाठक को धमकी दी। नेता ने कहा कि मां की कसम खाता हूं कि तेरे टुकड़े ना कर दिए तो मेरा नाम मनोज दीक्षित नहीं। अब मामले ने काफी तूल पकड़ लिया है। बीजेपी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा कि कन्नौज में एक बार फिर से सपा का दलित विरोधी चेहरा सामने आया है। समाजवादी पार्टी के नेता मनोज दीक्षित ने अखिलेश यादव के सामने ही जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने आगे लिखा कि वह केवल इतने पर ही नहीं रुके दलितों को अपमानित करने के लिए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने से भी नहीं चूके।



## लोकसभा चुनाव 2024

**यूपी में नए चुनावी समीकरण बनाकर लोगों को साधने में जुटे तमाम दल**

# पश्चिमी यूपी के पहले दो चरणों में होगी भाजपा की अग्नि परीक्षा

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर सात चरणों में होने वाले चुनाव पर सभी की नजरें टिकी हैं। भाजपा ने इस बार यूपी के चुनाव मिशन में जहां पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल और पूर्वांचल में अपना दल सुभासपा के साथ चुनाव मैदान में उतरने का फैसला किया है, जहां पिछले चुनाव में भाजपा कमजोर साबित हुई थी।

दरअसल यूपी में अलग अलग क्षेत्रों में अलग चुनावी समीकरण की संभावना को लेकर राजग और महागठबंधन ने जनाधार के आधार पर उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। हालांकि यूपी के लोकसभा चुनाव का दंगल किस करवट जाएगा, इसका फैसला तो चार जून को आने वाले नतीजे ही तय करेंगे, लेकिन देशभर के राजनीतिक दलों व विश्लेषकों की नजरे सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश पर टिकी हुई हैं।

## यूपी में सात चरण में 19 अप्रैल से 1 जून तक होगी वोटिंग

### यूपी से होकर जाता सत्ता का रास्ता

अकेले यूपी से पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के अलावा विश्वनाथ प्रताप सिंह, चंद्रशेखर, इंदिरागांधी और चौधरी चरण से लेकर नरेन्द्र मोदी तक कई प्रधानमंत्री भी बने हैं। प्रदेश की राजनीति के समीकरण पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और अवध जैसे क्षेत्रों के हिसाब से आंककर राजनीतिक दल चुनावी जंग में उतरते हैं। मसलन राजनीतिक भाषा में कहा जाए तो केंद्र की सत्ता का रास्ता यूपी से ही होकर जाता है। इसलिए सभी राजनीतिक दलों की निगाहें उत्तर प्रदेश पर रहती है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



जयंत चौधरी

### पहले व दूसरे चरण में दांव पर प्रतिष्ठा

आजादी से अब तक अलग अलग क्षेत्रों में अपने अलग ही तरह के मुद्दों पर सियासी समीकरण बदलते रहे हैं। फिलहाल की राजनीति में यूपी के पूर्वी इलाके की वाराणसी सीट से पिछले दो लोकसभा चुनाव में चुनाव जीतकर पीएम नरेन्द्र मोदी के कारण भाजपा की पैठ मजबूत हुई है, तो दूसरी सीएम योगी का गढ़ रहे गोरखपुर भी पूर्वांचल भी भाजपा मजबूत मानकर चल रही है। लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों पश्चमी उत्तर प्रदेश की 16 सीटों पर भाजपा ही नहीं गठबंधन के दलों की प्रतिष्ठा दांव पर होगी। पहले चरण में 19 अप्रैल को 7693 मतदान केंद्रों पर आठ सीटों-सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, पीलीभीत, रामपुर को चुनाव होगा। जहां सात महिलाओं समेत 80 प्रत्याशियों के सामने 1.43 करोड़ मतदाताओं के चक्रव्यूह को भेदने की चुनौती होगी। जबकि दूसरे चरण में 26 अप्रैल को आठ सीटों- अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा के लिए चुनाव होगा। इस चरण में 7797 मतदान केंद्रों पर 1.67 करोड़ मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे।

### 80 सीटों पर 15.29 करोड़ मतदाता

लोकसभा चुनाव 2024 में प्रदेश के 75 जिलों की 80 सीटों पर 15.29 करोड़ मतदाओं को जाल फैला हुआ है। देशभर में हो रहे लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश अकेला ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा 1.62 लाख मतदान केंद्र हैं। यूपी में सात चरण में 19 अप्रैल से 1 जून तक वोटिंग होगी।

### ये है जातीय समीकरण

*उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी जातीय आधारित सियासत कम नहीं है, जहां ओबीसी किसी भी चुनाव अहम किरदार निभाती आ रही है। हालांकि अलग अलग चुनाव और सीटों पर जातीय समीकरण अलग होता आया है। पिछले दिनो केंद्र की एक समिति की रिपोर्ट मे यूपी में पिछड़ी जातियों की आबादी 7.56 करोड़ आंकी गई है यानी राज्य की कुल आबादी का 50 फिसदी से भी ज्यादा हिस्सा है, जिसमें सर्वाधिक 19.4 प्रतिशत यादव आबादी है। कुर्मी व पटेल की 7.4 प्रतिशत हिस्सेदारी दूसरे पायदान पर हैं। जबकि ओबीसी की कुल संख्या में निषाद, मल्लाह और केवट 4.3 प्रतिशत, भर और राजभर 2.4 प्रतिशत, लोध 4.8 प्रतिशत और जाट 3.6 प्रतिशत हैं।*

# चाचा-भतीजा की फाइट खत्म! चिराग के लिए अब वोट मांगेंगे पारस

**बिहार की सियासत**



**पटना।** बिहार में हाई प्रोफाइल चाचा-भतीजे का झगड़ा खत्म हो गया। माना जा रहा है कि पशुपति पारस की बीजेपी से डील हो गई। अब हाजीपुर में चिराग के लिए पारस वोट मांगेंगे। इससे पहले पशुपति पारस हाजीपुर से ताल ठोकने की बात करते थे। अब बिहार एनडीए को सभी 40 सीटें जीतने के लिए पसीना बहाने की बात करने लगे। बिहार एनडीए में सीट बंटवारे के दौरान पारस के हाथ एक भी सीट नहीं आई थी, जिससे नाराज होकर उन्होंने मोदी मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और बाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बुरा-भला कहा था। मगर, अब ऑल इज वेल की बात करने लगे।

### चिराग के लिए प्रचार करेंगे पारस

पशपति पारस के सुर बदल गए हैं। पीएम मोदी की प्रशंसा करने के साथ ही अपने सबसे बड़े राजनीतिक दुश्मन चिराग पासवान को समर्थन देने को तैयार हो गए। पशुपति कुमार पारस ने मीडिया से कहा कि हमारी पार्टी का फैसला है 40 की 40 लोकसभा सीटों को जीतने के लिए एनडीए के समर्थन में तन मन धन से काम करेगी। चुनाव में जहां जरूरत होगी, वहां जाऊंगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री पारस ने दिल्ली में बताया कि 6 अप्रैल को पटना में पार्टी के सभी पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और दलित सेना की बैठक है। इस मीटिंग में राष्ट्रीय पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## मायावती ने जारी की बसपा की तीसरी लिस्ट

**लखनऊ।** मायावती ने लोकसभा चुनाव के लिए यूपी के प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 12 प्रत्याशियों का ऐलान किया गया है। मथुरा से टिकट बदल दिया गया है। इससे पहले बसपा 25 प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है। इस तरह बसपा यूपी की 80 में से अब तक 36 नामों का ऐलान कर चुकी है। पिछले हफ्ते बसपा ने कुछ घंटे के अंतराल पर यूपी के लिए दो लिस्ट जारी की थी। पहली सूची में 16 लोगों के नाम थे जबकि दूसरी सूची में 9 लोगों के नामों का ऐलान किया गया था। नौ लोगों में 4 SC, 2 ब्राह्मण और 3 OBC को प्रत्याशी बनाया गया था। बसपा की पहली सूची में 16 नामों का ऐलान किया गया था।



# कांग्रेस ने किया निरुपम को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

xकांग्रेस ने अपने पूर्व सांसद संजय निरुपम को ''पार्टी विरोधी बयानों और अनुशासनहीनता'' के आरोप में बुधवार को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अनुशासनहीनता और पार्टी के खिलाफ बयानों की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए संजय निरुपम को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।



इससे पहले, कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने मुंबई में पार्टी की प्रचार समिति की बैठक में भाग लेने के बाद संवाददाताओं से कहा था कि कांग्रेस ने निरुपम का नाम स्टार प्रचारकों की सूची से हटा दिया है। निरुपम ने कहा है कि वह बृहस्पतिवार को अपना रुख बताएंगे। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) द्वारा मुंबई की छह लोकसभा सीट में से मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट समेत चार के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा के बाद निरुपम ने कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व पर निशाना साधा था। बताया जाता है कि निरुपम मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे। मुंबई उत्तर से सांसद रह चुके निरुपम ने कहा था कि कांग्रेस नेतृत्व को शिवसेना (यूबीटी) के आगे दबाव में नहीं झुकना चाहिए।

## अटल की प्रतिद्वंद्वी के समर्थन में बलराज साहनी ने किया था प्रचार

# 1962 से चुनाव प्रचार में हुई थी बॉलीवुड स्टार की एंट्री

### *वाजपेयी को पसंद करने के चलते नेहरू नहीं आए कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट मांगने*


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है। तमाम राजनीतिक दलों के बड़े नेताओं और स्टार कैंडीडेट्स ने चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। कई उम्मीदवारों ने प्रचार के लिए सेलिब्रिटीज और फिल्मी सितारों का सहारा लेना भी शुरू कर दिया है। ऐसे में उस चुनाव की बात भी सामने आती है जब प्रचार में फिल्मी सितारों की एंट्री हुई थी। यह चुनाव साल 1962 का था जो यूपी का पहला चुनाव था जिसमें प्रचार में बॉलीवुड स्टार बलराज साहनी की एंट्री हुई थी। 1962 के चुनाव में उत्तर प्रदेश की बलरामपुर सीट पर मुक़ाबला जनसंघ प्रत्याशी और कांग्रेस नेता सुभद्रा चौधरी के बीच था। 1957 का चुनाव जीत चुके अटल बिहारी के अंदर पिछली जीत का उत्साह था। वहीं, कांग्रेस ने भी पिछली हार का बदला लेने के लिए दो बार संसद रह चुकी सुभद्रा जोशी को चुनाव में उतार दिया। सुभद्रा जोशी का नाम सुनकर अटल बिहारी भी चौंक गए। अटल के सहयोगी दुलीचंद्र बताते हैं कि उन्होंने कहा कि बलरामपुर की जनता सुभद्रा को इतना नहीं जानती जितना मुझे पहचानती है। मेरी जीत में कोई शक नहीं है और अटल जी चुनाव प्रचार में जुट गए।

### बॉलीवुड एक्टर बलराज साहनी उतरे प्रचार में

सुभद्रा जोशी पाकिस्तान के पंजाब की रहने वाली थीं, वह बंटवारे के बाद भारत आई और दिल्ली में बस गयी थीं। सुभद्रा पहले अंबाला और करनाल से सांसद रह चुकी थीं और पंडित जवाहरलाल नेहरू के कहने पर बलरामपुर के चुनावी मैदान में उतरने को तैयार हुई थीं। सुभद्रा चाहती थीं कि पंडित नेहरू खुद बलरामपुर आकर उनका प्रचार करें। वहीं, नेहरू अटल बिहारी के खिलाफ प्रचार नहीं करना चाहते थे। ऐसे में उन्होंने लोकप्रिय चेहरों की तलाश करते हुए बॉलीवुड एक्टर बलराज साहनी को प्रचार के लिए चुना। उन दिनों बलराज साहनी फिल्म 'दो बीघा जमीन' से पूरे देश में पॉपुलर हो गए थे।



### सुभद्रा की सभाओं में जमकर भीड़

दुलीचंद बताते हैं कि ये पहला मौका था जब कोई फिल्म स्टार चुनाव प्रचार करने के लिए उतरा था। बलरामपुर में जब ये बात फैल गयी कि सुभद्रा के लिए प्रचार करने बलराम साहनी आ रहे हैं तो उनकी सभाओं में भीड़ उमड़ने लगी। । जब बलराज बलरामपुर की गलियों से गुजरे तो लोग उनकी एक झलक पाने के लिए अपने घरों की छतों और खिड़कियों पर खड़े दिखे। गलियों में और मैदान पर इतनी भीड़ उमड़ी कि पैर रखने की जगह नहीं थी। बलराज साहनी ने शाम तक जनसभा की।

### अटल बिहारी की जीती हुई सीट हार में बदल गई

बलराज साहनी की जनसभा के बाद सुभद्रा जोशी के पक्ष में ऐसा माहौल बना कि अटल बिहारी की जीती हुई सीट हार में बदल गई। प्रचार के बाद जब चुनाव के नतीजे आए तो अटल बिहारी वाजपेयी हार चुके थे। सुभद्रा जोशी ने अटल को मात्र 2052 वोट से चुनाव हरा दिया और उनकी जीती सीट हाथ से निकल गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जिद के बाद, अटल बिहारी को राज्यसभा से संसद भेजा गया लेकिन इस हार को वह कभी भूल नहीं पाए। इस हार का जिक्र उन्होंने अपनी किताब 'मेरी संसदीय यात्रा' में भी किया है। हालांकि बाद में 1967 के चुनाव में बलरामपुर में फिर सुभद्रा जोशी और अटल के बीच आमना-सामना हुआ। इसमें अटल ने सुभद्रा जोशी को 32,000 से अधिक वोटों से हराया और संसद में पहुंचे।

रायपुर
गुरुवार, 4 अप्रैल 2024
चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी
वर्ष : 22, अंक : 256
पृष्ठ : 10+4+4 = 18 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 40.5
न्यून. 25.7

**क्या कहता है नियम**

पूर्व सीएम ने अपने बयान के दौरान निर्वाचन आयोग के नियम के बारे में कहा था कि यदि किसी लोकसभा क्षेत्र में 384 से अधिक उम्मीदवार हैं, तो चुनाव मतपत्र यानी बैलेट पेपर के माध्यम से होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि एक ईवीएम में अधिकतम ईवीएम नोटा सहित अधिकतम 64 उम्मीदवारों के लिए आवेदन कर सकती है। एक बैलेटिंग यूनिट में 16 उम्मीदवारों के लिए प्रावधान है, यदि उम्मीदवारों की कुल संख्या 16 से अधिक है, तो दूसरी बैलेटिंग यूनिट को पहली बैलेटिंग यूनिट के समानांतर जोड़ा जा सकता है। ये सिलसिला 24 बैलेटिंग यूनिट यानी नोटा सहित 384 उम्मीदवारों तक जा सकता है।

# राजनांदगांव ने रचा इतिहास, एक ही दिन में 210 ने लिया नामांकन फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

खास खबर

देशभर में जारी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सबसे चर्चित और हाईप्रोफाइल सीट राजनांदगांव एक बार फिर खबर में आ गई है। इस सीट से थोक में कार्यकर्ता नामांकन दाखिल करने में जुट गए हैं। आलम यह है कि बुधवार को ही 210 लोगों ने नामांकन फार्म लिए। इससे पहले इस सीट के इतिहास में 32 से अधिक प्रत्याशी कभी एक चुनाव में नहीं रहे हैं। गुरुवार को नामांकन दाखिले के अंतिम दिन भी नामांकन लेने वालों की कतार देखने को मिल सकती है।

उल्लेखनीय है कि होली पर्व के बाद पाटन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते पूर्व सीएम और राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा था कि यदि ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराना चाहते हैं तो 384 से अधिक लोगों को नामांकन दाखिल करना होगा। उन्होंने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से भी अपील की थी कि वे अपना नामांकन दाखिल करें। जिससे चुनाव में मतदान बैलेट पेपर से हो सके। हालांकि उन्होंने यह बात पाटन में कही थी, लेकिन इसका असर राजनांदगांव में देखने को मिला है। 28 मार्च से जारी नामांकन दाखिले की प्रक्रिया में बुधवार को अलग ही नजारा देखने को मिला। सुबह 11 बजे से ही बड़ी संख्या में लोग फार्म लेने के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

## अब तक इस सीट से 241 लोगों ने लिया नामांकन, आज अंतिम दिन

**आज अंतिम दिन**

दूसरे चरण में शामिल राजनांदगांव लोकसभा में नामांकन दाखिले की प्रक्रिया 28 मार्च से शुरू है, जो आज चार अप्रैल तक जारी रहेगी। अब तक यहां से 241 लोगों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त कर लिया है। वहीं आठ नामांकन जाम किए जा चुके हैं। नामांकन के बाद अभ्यर्थियों को नाम वापसी के लिए 8 अप्रैल तक का मौका मिलेगा।



**अराजकता फैलाने का काम**

भूपेश बघेल का ऐसा कहना उकसाने के साथ ही अराजकता फैलाने का काम है। अपने ही कार्यकर्ताओं को निर्दलीय चुनाव लड़ाना उनका दिवालियापन दर्शाता है। इससे यह साफ होता है कि कांग्रेस में नैतिकता का कितना पतन हो गया है।
-संतोष पांडे, भाजपा प्रत्याशी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### लोकसभा प्रत्याशी का मोबाइल मंच से चोरी

**महासमुंद।** लोकसभा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी का एक कार्यक्रम के दौरान मोबाइल गुम हो गया। इसकी



शिकायत होने के पश्चात साइबर टीम ने तलाश शुरू कर दी, उनके मोबाइल का अंतिम लोकेशन आरंग में दिखाया गया है। चोरी की घटना के बाद तत्काल सिम को ब्लॉक कर दिया गया।

### अंबानी दुनिया के नौवें सबसे अमीर

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रमुख मुकेश अंबानी सबसे अमीर भारतीय बने हुए हैं।



'फोर्ब्स' की दुनिया के अरबपतियों की सूची में अंबानी शीर्ष 10 में आ गए हैं। वह दुनिया के नौवें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अंबानी (66) की संपत्तियां 116 अरब डॉलर की हैं।

### दम घुटने से परिवार के दो बच्चों समेत सात की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक कपड़े की दुकान में आग लगने से ऊपरी



मंजिल पर रहने वाले एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन महिलाएं, दो पुरुष और दो बच्चे शामिल हैं। हादसा बुधवार सुबह 3 बजे हुआ। आग लगने से इलाके में धुएं का बड़ा गुबार पैदा हो गया।

### ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा सवार दो बच्चों की मौत

**बागपत।** ट्रक से टक्कर लगने पर ई-रिक्शा सवार दो बच्चों की मौत हो गई। रिक्शा चालक समेत पांच



अन्य घायल हो गए। बागपत कोतवाली क्षेत्र में खेडकी गांव के पास दिल्ली-सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुबह करीब सात बजे एक ट्रक ने ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी।

### टीटीई की हत्या के आरोप में मजदूर गिरफ्तार

**त्रिशूर।** चलती ट्रेन से यात्रा टिकट परीक्षक (टीटीई) को कथित तौर पर धक्का देकर उसकी हत्या करने



के आरोप में ओडिशा के एक प्रवासी मजदूर को गिरफ्तार किया गया है। ओडिशा के गंजम निवासी आरोपी रजनीकांत को कल शाम घटना के बाद पलक्कड़ जिले से हिरासत में ले लिया गया और आज उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## भारी मात्रा में हथियार बरामद, 12 घंटे चली फायरिंग

# 13 नक्सलियों के शव बरामद, इनमें पांच पर 25 लाख से ज्यादा का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

बीजापुर जिले के पिढ़िया इलाके में कंपनी नम्बर टू व प्लाटून नम्बर 11, 12 व 13 की मौजूदगी की सटिक खुफिया इनपुट के बाद रविवार को ऑपरेशन लांच किया गया था। मंगलवार सुबह लगभग साढ़े 4 बजे माओवादियों की ओर से फायरिंग शुरू की गई, जिसके बाद शाम 5 बजे तक दोनों ओर से फायरिंग होती रही। मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग में 3 महिला समेत 13 नक्सलियों के शव के अलावा सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार व गोला बारूद बरामद किया है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सली कंपनी नम्बर टू व प्लाटून 12 के मेंबर बताए जा रहे है। मुठभेड़ के बाद पांच नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है। वहीं, शेष मारे गए नक्सलियों के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि बीजापुर जिले के गंगालूर थाना से डीआरजी, एसटीएफ ▶▶ शेष पेज 4 पर

**लांचर हथियार गोला बारूद लैपटॉप भी बरामद**

हरिभूमि फॉलोअप

## खुफिया इनपुट के बाद 72 घंटे तक चलाया गया ऑपरेशन

**जवानों ने जंगल में बिताए तीन दिन**

बीजापुर में पत्रवार्ता में सीआरपीएफ के डीआईजी एसके मिश्रा व एसपी जितेन्द्र यादव ने बताया कि उन्हें नक्सलियों की सूचना मिली थी। तब उन्होंने जवानों को सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा। तीन दिन तक जवानों नें जंगलों में गुजारा और 12 घंटे तक नक्सलियों के साथ मुठभेड़ चली और 13 नक्सलियों को मार गिराया।




## बरामद लैपटॉप से खुलेगा नक्सलियों का राज



सुरक्षाबलों ने लेण्ड्रा के जंगल में मुठभेड़ के बाद नक्सलियों के सामान के साथ लैपटॉप भी बरामद किया है। इसमें बस्तर के नक्सलियों की विस्तृत जानकारी व टीसीओसी के दौरान जवानों को नुकसान पहुंचाने की जा रही तैयारी का खुलासा हो सकेगा। इसके अलावा लेवी के रूप में इलाके से की गई वसूली की भी जानकारी व नक्सल ▶▶ शेष पेज 4 पर

**एकत्रित कर रहे जानकारी**

नक्सलियों के खिलाफ 12 घंटे से अधिक समय तक चली मुठभेड़ के बाद 13 नक्सलियों को मार गिराने में फोर्स को सफलता मिली है। 5 नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है। पड़ोसी राज्य तेलगांना व महाराष्ट्र से भी जानकारी एकत्रित की जा रही है।
-सुंदरराज पी, आईजी, बस्तर

**टीसीओसी में नक्सलियों पर भारी पड़ रहे जवान**

ऐसा पहली बार हो रहा है, जब टीसीओसी (टैक्टिकल काउंटर ऑफ ऑफेंसिव कैम्पेन) में नक्सलियों की बजाए फोर्स उन पर भारी पड़ रही है। माह फरवरी से शुरू होने वाले टीसीओसी के दौरान माओवादी काफी आक्रामक होते है। इस दौरान फोर्स की चूक का इंतजार करते है और अधिक से अधिक नुकसान पहुंचाने की उनकी मंशा होती है। पिछले एक दशक की बात करें तो टीसीओसी के दौरान 260 से अधिक जवानों की शहादत हो चुकी है, अब तक जितने भी बड़े हमले नक्सलियों ने किए हैं, वह टीसीओसी के समय हुए है। लेकिन इस बार नक्सलियों को करारा जवाब देने बस्तर में तैनात फोर्स अलर्ट मोड पर है और लगातार नक्सलियों को मुठभेड़ में ढेर किया जा रहा है। यही वजह है कि इस वर्ष अब तक 46 नक्सली को मुठभेड़ में ढेर किए जा चुके हैं। वहीं 181 नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई है।

## सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

# अमीरों के पास लड़कियां भेज वसूले 45 लाख रुपए, फूटा बड़ा रैकेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस ने सेक्स रैकेट के झूठे मामले में फंसाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार का जेल भेजा है, वहीं दो फरार आरोपियों की खोजबीन में जुटी है। इसके पहले भी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। आरोपियों द्वारा पीड़ितों से अब तक 41 लाख रुपए की वसूली की गई है।

पुलिस के अनुसार इस मामले में मुख्य सरगना शिरीष पांडे, मंजूलता फेकर, मोंटी उर्फ प्रत्यूष मरैया, दुर्गा टंडन, महान मिश्रा व अन्य आरोपी शामिल हैं, जो महिलाओं को पीड़ितों के घर में भेजा करते थे। उसके बाद पीड़ितों द्वारा बिना कोई ▶▶ शेष पेज 4 पर

**पूंजीपतियों को करते थे सलेक्ट**

शिरीष पांडे एवं पुष्पमाला फेकर यह दोनों इस गिरोह के मुख्य सरगना एवं मास्टरमाइंड हैं। इन दोनों द्वारा ही बलौदाबाजार नगर में धनाढ्य एवं अन्य लोगों को चिन्हित किया जाता था, उसके पश्चात शिरीष पांडे द्वारा अपनी राजनीतिक पहुंच एवं पहचान का प्रभाव दिखाते हुए उनसे मेलजोल बढ़ाकर, उनको लड़की उपलब्ध करने का झांसा दिया जाता था। तत्पश्चात गिरोह के सभी सदस्यों को एक्टिव कर प्रार्थी को भयादोहन कर उससे लाखों रूपये की वसूली की जाती थी।

## हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित

# केजरीवाल के आरोप पर ईडी ने कहा- घोटाला तो हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में अरविंद केजरीवाल को राहत मिलेगी या उनकी मुश्किलें जारी रहेंगी? इसका फैसला करने को



दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को लंबी बहस हुई। अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा लिया। केजरीवाल ने कहा कि बदनाम करने के लिए गिरफ्तार किया गया है, वहीं ईडी ने कहा कि एक दिन पहले ही इस केस में आप के राज्यसभा सांसद को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है। इधर, आप सांसद संजय सिंह को जमानत देने के साथ कोर्ट के कई शर्तें तय की है।

दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की पीठ के अरविंद केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए तो ईडी का पक्ष एएसजी एसवी राजू रख रहे हैं। सिंघवी ने जहां केजरीवाल को निर्दोष बताते हुए उनकी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**अपमानित करने गिरफ्तारी**

अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद गिरफ्तारी का असली मकसद अपमानित करने व केजरीवाल को चुनाव में शामिल होने से रोकना और अक्षम बनाना है। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि उनकी गिरफ्तारी के समय से यह सुनिश्चित हो गया कि वह आगामी चुनाव में भाग नहीं ले सकेंगे। सिंघवी ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में प्रचार से रोकन के लिए केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है।

## जेल से बाहर आए संजय सिंह



इधर, आप सांसद संजय सिंह बुधवार शाम जेल से बाहर आ गए। उनकीजमानत की शर्तें तय करते हुए अदालत ने कहा है कि वह दिल्ली-एनसीआर छोड़कर नहीं जाएंगे। वह दिल्ली शराब घोटाले मामले और इसमें अपनी भूमिका को लेकर मीडिया में या फिर सार्वजनिक तौर पर किसी तरह की टिप्पणी या चर्चा नहीं करेंगे। कोर्ट ने संजय सिंह को अपना पासपोर्ट भी जमा करने को कहा है। पासपोर्ट को कोर्ट के समक्ष जमा करना भी एक जरूरी शर्त रखी गई है। संजय सिंह को जांच में सहयोग करने को कहा है. इसके लिए कोर्ट ने कहा है कि वह जांच अधिकारी को अपना मोबाइल नंबर उपलब्ध कराएंगे। जमानत की एक अहम शर्त ये भी है कि संजय सिंह सबूतों के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं करेंगे।

## 25 साल बाद फिर जोर का झटका




**ताइवान में सबसे तीव्र भूकंप, नौ की मौत**

**हुलिएन(ताइवान)।** ताइवान में बुधवार सुबह गत 25 साल का सबसे तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे इमारतें तथा राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गए तथा नौ लोगों की मौत हो गई। भूकंप की वजह से पूरे द्वीपीय देश में रेल सेवा रोकनी पड़ी। हालांकि, पूर्व में जारी सुनामी की चेतावनी बाद में वापस ले ली गई। भूकंप का केंद्र ग्रामीण, पहाड़ी हुलिएन काउंटी का तट था, जहां इमारतें 45 डिग्री के कोण पर झुक गईं और कई इमारतें ढह गईं। भूकंप के केंद्र से महज 150 किलोमीटर दूर राजधानी ताइपे में पुरानी इमारतों और कुछ नए कार्यालय परिसरों में टाइल्स गिर गईं।

# हाईकोर्ट में काट लिया अपना गला सामने खड़े थे मुख्य न्यायाधीश

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक हाईकोर्ट से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने हाईकोर्ट के अंदर कोर्ट हॉल वन में मुख्य न्यायाधीश




निलय विपिनचंद्र अंजारिया के सामने चाकू से अपना गला काटकर कथित तौर पर आत्महत्या करने का प्रयास किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मैसूर के रहने वाले श्रीनिवास ने कोर्ट हॉल वन के प्रवेश द्वार पर सुरक्षा कर्मचारियों को एक फाइल सौंपी। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता कि हो क्या रहा है, उसने मुख्य न्यायाधीश अंजारिया की मौजूदगी में अपना गला काट लिया।

**फिट होने के बाद दर्ज होगा बयान**

उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि अधिकारियों को अदालत के आदेश के बिना कोई भी दस्तावेज प्राप्त नहीं करना चाहिए। पुलिस अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उस व्यक्ति ने आत्महत्या करके मरने का प्रयास क्यों किया। डॉक्टरों द्वारा फिट घोषित किए जाने के बाद उसका बयान दर्ज करने का इंतजार कर रही है।

## मंगलवार से रविवार तक हर शाम गंगा आरती

# अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर में पहुंचे 3.5 लाख श्रद्धालु

एजेंसी ▶▶| अबू धाबी

जनता के लिए खुलने के एक महीने के भीतर साढ़े तीन लाख से अधिक भक्तों ने अबू धाबी में बने पहले पत्थर निर्मित हिंदू मंदिर में दर्शन किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा फरवरी में इस मंदिर का उद्घाटन किया गया था। इस प्रतिष्ठित मंदिर को एक मार्च को आगंतुकों के लिए खोला गया था। मंदिर के प्रवक्ता ने बताया, पहले महीने में, लगभग 3,50,000 भक्त और आगंतुक थे, जिनमें से 50,000 प्रत्येक सप्ताहांत (शनिवार-रविवार) आते थे। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सोमवार को मंदिर निजी प्रार्थनाएं ▶▶ शेष पेज 4 पर

**पीएम मोदी ने किया था उद्घाटन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर का उद्घाटन किया था। पीएम मोदी की 2015 में खाड़ी देश की दो दिवसीय यात्रा के दौरान, संयुक्त अरब अमीरात ने अबू धाबी में एक मंदिर के निर्माण के लिए भूमि आवंटित की। इस यात्रा का काफी कूटनीतिक महत्व था, क्योंकि इंदिरा गांधी के बाद मोदी 34 वर्षों में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस खाड़ी देश का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं।



**सात शिखरों में यूएई के तत्व भी शामिल**

बीएपीएस के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास के मुताबिक, मंदिर में सात शिखर बनाए गए हैं। ये सात अमीरातों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो संयुक्त अरब अमीरात बनाने के लिए एक साथ आते हैं। सात शिखरों पर भगवान राम, भगवान शिव, भगवान जगन्नाथ, भगवान कृष्ण, भगवान स्वामीनारायण, तिरूपति बालाजी और भगवान अयप्पा सहित देवताओं की मूर्तियां हैं।

**700 करोड़ रुपए की लागत से तैयार**


मंदिर का निर्माण बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था द्वारा लगभग 700 करोड़ रुपए की लागत से दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल रहबा के पास अबू मुरीखा में 27 एकड़ में किया गया है। राजस्थान से लाई गईं 18 लाख ईंटों और 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर से निर्मित यह अबू धाबी का पहला हिंदू मंदिर है जिसे अयोध्या के राम मंदिर की तरह ही वास्तुकला की नागर शैली में बनाया गया है। बीएपीएस हिंदू मंदिर पूरे खाड़ी क्षेत्र में सबसे बड़ा है। यूएई के दुबई में तीन अन्य हिंदू मंदिर हैं।

## चिंतन

# वाणिज्यिक तेल भंडार से ऊर्जा सुरक्षा और बढ़ेगी

एक तरफ जहां भारत वैकल्पिक और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से नीतिगत और औद्योगिक कदम बढ़ा रहा है, वहीं ऊर्जा सुरक्षा व निर्भरता हासिल करने के लिए वह अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक कच्चा तेल भंडारण भी बनाने जा रहा है। किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। किसी भी अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने के लिए किफायती व प्रचूर ऊर्जा उपलब्धता जरूरी है। भारत अपनी जरूरत का 85 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। भारत दुनिया का तीसरे सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश है। सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का गठन किया है। सरकार की योजना कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने की है। आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन), कर्नाटक में मेंगलोर (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ये भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। दूसरे चरण के तहत, आईएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपये की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है। इस निर्माण कार्य में 25 लाख टन कच्चा तेल के रणनीतिक भंडार के लिए एसपीएम (सिंगल पॉइंट मूरिंग) और संबद्ध पाइपलाइन (तट पर और अपतटीय) का निर्माण शामिल हैं। पहले चरण के तहत भंडारण का निर्माण सरकारी खर्च पर किया गया है। पादुर-दो का निर्माण पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) मॉडल में किया जाएगा। इसमें निजी इकाइयां भंडारण का डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण और परिचालन करेंगी। पादुर-दो का संचालक तेल भंडारण की इच्छुक किसी भी तेल कंपनी को भंडारण क्षेत्र पट्टे पर देगा और उसके लिए शुल्क लेगा। तेल का भंडारण करने वाली कंपनियां इसे घरेलू रिफाइनरी कंपनियों को बेच सकती हैं, लेकिन आपात स्थिति में तेल के इस्तेमाल पर पहला अधिकार देश का होगा। भारत अपनी 85 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल जरूरतों को आयात के माध्यम से पूरा करता है। ऐसे में आपूर्ति में व्यवधान या युद्ध जैसी किसी भी आपातकालीन स्थिति में रणनीतिक भंडार का उपयोग किया जा सकेगा। अमेरिका, चीन, जापान, यूके आदि देश भी इमरजेंसी की स्थिति के लिए तेल का भंडारण करते हैं। भारत के पास रणनीतिक तेल भंडार बहुत पहले से है और वो काफी सुदृढ़ है। इससे समय समय पर तेल की आपूर्ति भी बाजार को की गई है। स्ट्रेटेजिक के साथ वाणिज्यिक तेल का भंडारण करना सरकार की अनूठी पहल है। सरकार व निजी कंपनियां मिल कर कच्चे तेल का एक भंडार अपने पास रखती हैं, इसका इस्तेमाल इमरजेंसी में किया जाता है। जैसे युद्ध या प्रतिबंध जैसे हालात। इसी भंडार को रणनीतिक तेल भंडारण कहा जाता है। 1973 के तेल संकट के बाद भविष्य में इस तरह के संकटों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की स्थापना की गई थी, इसके सभी सदस्य देशों के लिए 90 दिनों का तेल का भंडार रखना अनिवार्य है। भारत के पास आपात स्थिति से निपटने के लिए करीब 3.7 करोड़ बैरल कच्चे तेल का भंडार है।

## सारा संसार



चंडीगढ़ का रॉक गार्डन दुनिया के सबसे ज्यादा फेमस गार्डंस में शुमार है। देश के मशहूर रॉक आर्टिस्ट नेकचंद ने वेस्ट मैटीरियल से करीब 40 एकड़ में इस गार्डन को तैयार किया था। नेकचंद ने 1957 में यह नेक पहल की। 18 साल के प्रयास के बाद इस रॉक गार्डन को तैयार कर सके।

## दरकार

आशीष वशिष्ठ



# चुनाव में पर्यावरण हो मुद्दा

अठारहवीं लोकसभा के निर्वाचन के लिए चुनाव का शंखनाद हो चुका है। राजनीतिक दलों द्वारा वादों की झड़ी लगाई जा रही है। ऐसे में मतदाता उसी तरह भ्रमित हैं जैसे किसी शापिंग मॉल में चारों तरफ लगे डिस्काउंट सेल के इश्तहार देखकर होता है, लेकिन वादों के इस मौसम में आई एक खबर ने हर उस व्यक्ति को परेशान कर दिया जिसे अपने साथ -साथ अपनी संतानों के भविष्य की भी चिंता है। चुनाव आते ही नेताओं की रैलियां, भाषण, बड़े-बड़े वादे शुरू हो जाते हैं, परन्तु जो असल मुद्दे हैं उन पर कोई वादे नहीं होते। वर्तमान में हवा में प्रदूषण का स्तर दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लोगों को टीबी तथा श्वास की बीमारियां हो रही हैं, फिर भी लोग मजबूर हैं ऐसे हालात में जीने के लिए। चीन के बाद दूसरा स्थान भारत का है जहां प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या है। लगातार वैज्ञानिक वायु प्रदूषण के घातक प्रभाव हमारे समक्ष रख रहे हैं, परन्तु किसी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा। आंकड़े बताते हैं कि हम पूरे साल वायु प्रदूषण की चपेट में जीवन जीते हैं। बरसात के वक्त जरूर हमें इससे कुछ राहत मिल जाती है, लेकिन शेष समय इसके साथ रहना ही पड़ता है। इस प्रदूषण का बड़ा कारण कारखानों और वाहनों से निकलता धुआं है। प्रदूषण पर नियंत्रण करना देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। देश में होने जा रहे आम चुनाव में भी प्रदूषण मुद्दा नहीं है। राजनीतिक दल इस पर चर्चा भी नहीं कर रहे। आम आदमी को प्रदूषण को लेकर सरकारों से सवाल करने होंगे। राजनीतिक दलों पर भी दबाव बनाना होगा कि चुनावी एजेंडे में साफ हवा-पानी को भी शामिल किया जाए। देश के 9 शहर प्रदूषण के मामले में दुनिया के शीर्ष 10 शहरों में शामिल हैं। इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि विश्व के शीर्ष 50 प्रदूषित शहरों में से 43 शहर तो भारत के ही हैं। प्रदूषण की स्थिति को लेकर हम दुनिया में नौवें नंबर पर हैं। ये आंकड़े डराते हैं। आखिर हम किस दिशा की ओर बढ़ रहे हैं? क्या हम साफ हवा में सांस भी नहीं ले सकते हैं? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या बिगड़े हुए हालात के लिए कहीं हम खुद ही तो जिम्मेदार नहीं हैं? सबसे दुखदायी आंकड़ा ये है कि भारत की 96 फीसदी आबादी की सांसों में प्रदूषित हवा प्रवाहित हो रही है। ये कहना भी गलत नहीं होगा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपेक्षित गंभीरता का अभाव है। ऐसे में ये प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि ऐसे मुद्दे राजनीतिक विमर्श में शामिल क्यों नहीं होते? पंजाब के किसान जो पराली जलाते हैं उसकी वजह से दिल्ली सहित समीपवर्ती बड़े इलाके पर धुएं की चादर बिछ जाती है। सर्वोच्च न्यायालय तक इस मामले में सख्ती दिखा चुका है। आम आदमी पार्टी जब दिल्ली की सत्ता में आई तब वह पराली के लिए पंजाब को कसूरवार ठहराया करती थी किंतु जैसे ही वहां सरकार बनी उसकी शिकायत खत्म हो गई। समय की मांग है इस बारे में नई सोच विकसित की जाए ताकि दुनिया के विकसित देशों की कतार में शामिल होने के साथ ही भारत एक स्वच्छ और प्रदूषण रहित देश के रूप में भी जाना जाए। नेताओं को यह मालूम है कि वोट प्रदूषण के मुद्दे पर नहीं मिलेंगे, बल्कि जाति, धर्म, आरक्षण आदि के मुद्दों पर मिलेंगे। प्रदूषण सीधे जिंदगी से जुड़ा हुआ मुद्दा है, लेकिन चुनावी मुद्दा नहीं बनता। स्वच्छ भारत मिशन की तरह ही स्वच्छ हवा मिशन का नारा बनना चाहिए। देखना ये है कि कोई पार्टी इसे अपने घोषणापत्र में शामिल करती है या नहीं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## मौद्रिक समीक्षा

सतीश सिंह

# रेपो दर यथावत रहने के आसार

जनवरी 2024 में खुदरा महंगाई 5 .10 प्रतिशत के स्तर पर थी, जबकि दिसंबर 2023 में यह 5 .69 प्रतिशत के स्तर पर थी। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा जो 4 प्रतिशत से 2 प्रतिशत अधिक या 2 प्रतिशत कम है के अंदर है। बावजूद इसके इस दर को तेज विकास के लिए उत्साहजनक नहीं माना जा सकता है। लिहाजा, रिजर्व बैंक 5 अप्रैल 2024 को पेश किए जाने वाले मौद्रिक समीक्षा के साथ-साथ जून 2024 की मौद्रिक समीक्षा में भी रेपो दर को यथावत रख सकता है, क्योंकि अभी भी भारत में महंगाई का स्तर संतोषजनक नहीं है और यह विकास की राह में एक बड़ा रोड़ा है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 12 मार्च 2024 को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति के ताजे आंकड़े जारी किए, जिसके अनुसार फरवरी 2024 में खुदरा महंगाई मामूली रूप से घटकर 5.09 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले 4 महीनों का सबसे निचला स्तर है। जनवरी 2024 में खुदरा महंगाई 5.10 प्रतिशत के स्तर पर थी, जबकि दिसंबर 2023 में यह 5.69 प्रतिशत के स्तर पर थी। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा जो 4 प्रतिशत से 2 प्रतिशत अधिक या 2 प्रतिशत कम है के अंदर है। बावजूद इसके इस दर को तेज विकास के लिए उत्साहजनक नहीं माना जा सकता है।

किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग घट जाती है। फिर, उनकी बिक्री कम हो जाती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। फलतः आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं एवं विकास की गति बाधित होती है। दुनिया के अधिकांश देशों में अभी भी महंगाई दर बहुत ही ज्यादा है, वहीं कुछ देशों में महंगाई के स्तर में कमी आई है, जिसका मुख्य कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में कमी आना और आपूर्ति श्रृंखला के राह की बाधाओं में कमी आना है। वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स के ताजा आंकड़ों के अनुसार दुनिया के कुछ देशों में महंगाई 100 प्रतिशत से 250 प्रतिशत तक है। अर्जेन्टीना दुनिया में सबसे ज्यादा महंगा देश है, जहां महंगाई दर 254 प्रतिशत है। वहीं, लेबनान दूसरे स्थान पर है, जबकि वेनेजुएला तीसरे स्थान पर है। पाकिस्तान 28.3 प्रतिशत महंगाई दर के साथ दुनिया के शीर्ष 10 देशों में शामिल है, जबकि बांग्लादेश में महंगाई दर 9.86 प्रतिशत है।

हालांकि, विकसित देशों में महंगाई दर में कमी आ रही है। इंग्लैंड में महंगाई दर 4.0 प्रतिशत है, जबकि अमेरिका में यह 3.1 प्रतिशत है। फ्रांस में भी महंगाई दर 3.1 प्रतिशत है और जापान में यह 2.6 प्रतिशत है। वहीं, थाईलैंड में दुनिया में सबसे कम महंगाई दर माइनस 1.11 प्रतिशत है,जबकि चीन में महंगाई दर माइनस 0.8 प्रतिशत है, जो कम महंगाई दर के मामले में दुनिया में दूसरे स्थान पर है। भारत कम महंगाई के मामले में दुनिया में 17वें स्थान पर है। रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। इस तरह विगत 13 महीनों से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। रेपो दर में लंबे समय तक वृद्धि नहीं करने का इतिहास भी रहा है। 2008 की आर्थिक मंदी के समय 10 महीनों तक रेपो दर 6.5 प्रतिशत की दर पर बरकरार रही थी। 2013 के कर्ज संकट के समय भी रेपो दर 7.85 प्रतिशत के स्तर पर 8 महीनों तक यथावत रही थी। फिर, 2020 में कोरोना काल के समय में भी रेपो दर 4 प्रतिशत के स्तर पर 25 महीनों तक बनी रही थी। वित्त वर्ष 2024-




25 में राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी हुई है और आगामी महीनों में भी कर और गैर कर राजस्व संग्रह में तेजी आने की संभावना है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह भी विगत 6 महीनों से लगातार 1.5 लाख करोड़ रुपये से ऊपर के स्तर पर बना हुआ है, इसलिए माना जा रहा है कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान केंद्र सरकार उधारी कम लेगी।


लिहाजा, रिजर्व बैंक 5 अप्रैल 2024 को पेश किए जाने वाले मौद्रिक समीक्षा के साथ-साथ जून 2024 की मौद्रिक समीक्षा में भी रेपो दर को यथावत रख सकता है, क्योंकि अभी भी भारत में महंगाई का स्तर संतोषजनक नहीं है और यह विकास की राह में एक बड़ा रोड़ा है। दो अप्रैल को जारी की गई एचएसबीसी इंडिया पीएमआई आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण आंकड़ा मार्च 2024 में 59.1 के स्तर पर पहुंच गया है, जो विगत 16 सालों यानी 2008 के बाद का उच्चतम स्तर है। फरवरी महीने में यह 56.9 के स्तर पर रहा था। अक्तूबर 2020 के बाद से उत्पादन और नए ऑर्डर में तेज वृद्धि की वजह से यह 59.1 के स्तर पर पहुंच सका है। इतना ही नहीं लगातार 33वें महीने विनिर्माण पीएमआई 50 के स्तर से ऊपर रहा है। गौरतलब है कि 50 से ऊपर का स्तर विनिर्माण गतिविधियों के विस्तार का संकेतक है, जबकि 50 से कम का स्तर संकुचन का। रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता है, जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है और वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है, जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है। इसी तरह अर्थव्यवस्था में नरमी रहने पर विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के लिए बाजार में मुद्रा की तरलता बढ़ाने की कोशिश की जाती है और इसके लिए भी रेपो दर में कटौती की जाती है, ताकि बैंकों को रिजर्व बैंक से सस्ती दर पर कर्ज मिले और सस्ती दर पर कर्ज मिलने के बाद बैंक भी ग्राहकों को सस्ती दर पर कर्ज दें। महंगाई की वजह से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, लेकिन बीते कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे, ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। फिर भी, एचएसबीसी इंडिया पीएमआई के आंकड़ों का 59.1 के स्तर पर पहुंचना आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का सूचक है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार वर्ष दर वर्ष के आधार पर बैंकों का ऋण वृद्धि दर दिसंबर 2023 में 16.5 प्रतिशत रहा, जिसके वित्त वर्ष 2024-25 में 12 से 13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, केयर एज रेटिंग एजेंसी के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत रह सकती है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 14.0 प्रतिशत या 14.5 प्रतिशत रह सकती है। मौजूदा परिवेश में, रिजर्व बैंक रेपो दर को बढ़ाकर विकास दर को कम नहीं करना चाहता है।

भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के बावजूद थोड़ी ज्यादा है, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखना एक समीचीन फैसला हो सकता है, क्योंकि महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील है और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है, ताकि आम आदमी को परेशानी भी न हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे, इसलिए रिजर्व बैंक 5 अप्रैल को रेपो दर में न तो कटौती करेगा और न ही वृद्धि।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सच्चा भक्त ईश्वर से मुक्ति की याचना नहीं करता




संकलित

दर्शन

सच्चा भक्त ईश्वर से मुक्ति की भी याचना नहीं करता है। मन में मुक्ति की भी लेशमात्र इच्छा शेष रहते हुए वह अपने आपको प्रभु का सच्चा भक्त नहीं कह सकता है। मुक्ति की कामना सात्विक कामना होते हुए भी भक्त मुक्ति का दास बन जाता है। उसमें अभी स्वार्थ बाकी है; अत वह अपने को नैष्ठिक ईश्वर प्रेमी नहीं कह सकता है। अभी तक उसने परिपूर्ण और निशेष समर्पण नहीं किया है। मुक्ति की याचना एक प्रकार का दंभ ही है। क्या कोई सच्चा भक्त यह जानते हुए भी कि भगवान करुणा और दया के सागर हैं, उनसे कुछ याचना कर सकता है? वास्तविक भक्त कभी किसी बात के लिए भगवान से शिकायत नहीं करता। कच्चा भक्त कठिनाई में पड़ते ही भगवान की निंदा करने लगता है कि 'मैंने पचीस लाख जप किया, प्रतिदिन भागवत का पाठ करता रहा; फिर भी ईश्वर प्रसन्न नहीं हुआ; मेरा दुख दूर नहीं किया। वह अंधा है। मेरी प्रार्थना सुनता नहीं है। भगवान भी कैसा है! उस पर मेरा विश्वास नहीं रहा।' सच्चे भक्त को दुख तथा कष्ट में भी सुख ही मिलता है। अत वह दुख की ही कामना करता है, जिससे एक क्षण भी भगवान का विस्मरण न हो। उसे यह पूर्ण विश्वास होता है कि भगवान जो कुछ करता है, भले के लिए ही करता है। पुरी की एक घटना है। वहां एक आदमी था, जो भगवान हरि का परम भक्त था तथा उनके हाथों में अपने को पूर्णतया सौंप चुका था। वह एक बार सख्त बीमार हो गया।

## सफल लोगों से रखें मित्रता, मुश्किल में देंगे साथ



संकलित

प्रेरणा

आचार्य चाणक्य बहुत बड़े विद्वान थे और वह चंद्रगुप्त मौर्य के गुरु थे। उन्होंने एक नीति शास्त्र की रचना की थी, जिसे 'चाणक्य नीति' के नाम से जाना जाता है। चाणक्य नीति में जीवन से जुड़े लगभग सभी विषयों का जिक्र है। आज भी ये नीतियां युवाओं को मार्गदर्शित करती हैं। दूसरे शब्दों में कहें, तो चाणक्य नीति जीवन में मंजिल हासिल करने में मदद करती है। इसके अलावा इस नीति शास्त्र में व्यक्ति के गुण और अवगुणों के बारे में भी विस्तार से जिक्र किया गया है। साथ ही जीवन में किन लोगों का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए, इस बात का भी उल्लेख है। दरअसल, अपने जीवन में हम सभी कई लोगों से मिलते हैं जिनमें से कुछ हमारे करीबी बन जाते हैं लेकिन कौन हमारे करीब है और निस्वार्थ के साथ मित्रता निभाता है इसकी पहचान करना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसे में चाणक्य नीति में रचित बातों का ध्यान रखना आपके लिए लाभकारी हो सकता है। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि, हमें जीवन में किन लोगों का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। चाणक्य नीति के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति लोगों के सामने अपनी बातों को स्पष्टता से रखता है, तो वो कभी किसी को धोखा नहीं दे सकता। ऐसे व्यक्ति को दिल का साफ माना जाता है। इन लोगों से मित्रता करनी चाहिए। ऐसे व्यक्ति पर आंख बंद कर भरोसा किया जा सकता है, जो कभी भी किसी भी तरह का लालच न रखता हो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सेजबहार की सड़कों पर अंधेरा

राजधानी से लगे सेजबहार की हाउसिंग बोर्ड कालोनी की सड़कों पर इन दिनों अंधेरा रहता है। स्ट्रीट लाइट बंद होने से आवारा कुत्ते और किसी अनहोनी को लेकर कालोनीवासी परेशान हैं। कुछ समय से कालोनी में लोगों की आबादी लगातार बढ़ रही है, वहीं हाउसिंग बोर्ड की ओर से मिलने वाली सुविधाओं में कटौती हो रही है। हाउसिंग बोर्ड के अफसर अब कालोनी की समस्या से पल्ला झाड़ रहे हैं। दफ्तर मौल श्री विहार में शिफ्ट हो गया है। ऐसे में आम लोगों की समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं है।

-किशन कुमार

## ट्रेंड

### राज्यसभा की अहम भूमिका



राज्यसभा दिवस की शुभकामनाएं। संघीय ढांचे को मजबूत करने, कानून बनाने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन करने और लोगों की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए 1952 में आज ही के दिन उच्च सदन का गठन किया गया था। तब से, राज्यसभा ने देश के परिवर्तन में अहम भूमिका निभाई है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### चरित्र मूल्यवान निधि



चरित्र जीवन की सबसे मूल्यवान निधि है, जो ज्ञान, तप शील और सद्गुणों से उन्नत होती है। शुभ चिंतन व तदानुकुल आचरण चरित्र को पुष्पित और पल्लवित करते हैं। जीवन की सार्थकता इसी में है कि चरित्र दृष्टांत, गाथा और उदाहरण बन जाए।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### वायनाड मेरा घर



वायनाड मेरा घर है, और वायनाड के लोग मेरा परिवार हैं। उनसे, मैंने पिछले पांच वर्षों में बहुत कुछ सीखा है और भरपूर स्नेह प्राप्त किया है। यह बहुत गर्व और विनम्रता के साथ है कि मैं इस खूबसूरत भूमि से एक बार फिर लोकसभा 2024 के लिए अपना नामांकन दाखिल कर रहा हूं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### केजरीवाल का स्वास्थ्य ठीक नहीं



अरविंद केजरीवाल का गिरता स्वास्थ्य चिंता का विषय है। कई सालों से वे सीवियर डायबीटिक हैं। गिरफ्तारी के बाद उनका वजन 4.5 किलो गिर चुका है, सारा देश उनके स्वस्थ होने की कामना कर रहा है।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

## करंट अफेयर

# 2024 के लिए नए फ्लू टीके लेने से पहले क्या जानना जरूरी

मेलबर्न। इन्फ्लुएंजा एक सामान्य श्वसन संक्रमण है। हालांकि अधिकांश मामले अपेक्षाकृत हल्के होते हैं, फ्लू छोटे बच्चों और वृद्ध लोगों में अधिक गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। कोविड-19 महामारी के पहले वर्षों के दौरान जब सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिबंधों ने लोगों के बीच संपर्क कम कर दिया तो ऑस्ट्रेलिया से इन्फ्लुएंजा लगभग गायब हो गया। 2022 के बाद से, यह फिर एक मौसमी पैटर्न पर लौट आया है, हालांकि फ्लू का मौसम 2020 से पहले की तुलना में कुछ महीने पहले ही शुरू हो गया है और चरम पर है। वर्ष के इस समय फ्लू के मौसम की तीव्रता का अनुमान लगाना कठिन है, लेकिन कभी-कभी हमें उत्तरी गोलार्ध से संकेत मिल सकते हैं। वहां, सीज़न लगातार तीसरे वर्ष सामान्य से पहले शुरू हुआ (फरवरी/मार्च के अंत के बजाय जनवरी की शुरुआत में चरम पर), पिछले वर्ष की तुलना में बीमारी से प्रभावित लोगों और इसकी वजह से अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या समान रही। इन्फ्लूएंजा के टीकों की सिफारिश हर साल की जाती है, लेकिन अब विभिन्न प्रकार के टीकों की संख्या बढ़ रही है। इस महीने से उपलब्ध इस वर्ष के टीकों के बारे में जानने योग्य बातें यहां दी गई हैं। अन्य टीकों की तरह, इन्फ्लूएंजा टीके इन्फ्लूएंजा वायरस के एक हानिरहित घटक (एंटीजन के रूप में जाना जाता है) पर प्रतिरक्षा प्रणाली को 'प्रशिक्षित' करके काम करते हैं।



## ऑफ बीट

# मां-पिता का सामान समेटते समय ख्याल कैसे रखें



तो माँ या पिताजी की मृत्यु हो गई है, या वे वृद्ध आश्रम में चले गए हैं, और अब आप पर यह जिम्मेदारी है कि आप उनका घर खाली करें। यह बहुत बड़ा काम है और आप इससे डर रहे हैं। इस काम को करते हुए दुख, हानि, अपराधबोध होना और यहां तक कि यह काम आपको सौंपे जाने पर नाराजगी महसूस होना एकदम सामान्य है। तो आप कार्य निपटाते समय अपने मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल कैसे रख सकते हैं? अनुसंधान ने साबित किया है कि यह कार्य किस प्रकार तीव्र शारीरिक और भावनात्मक प्रभाव डाल सकता है। यह उन लोगों के लिए अधिक तीव्र हो सकता है जिनके उस व्यक्ति के साथ तनावपूर्ण – या यहां तक कि दर्दनाक – रिश्ते थे, जिसका घर वे समेट रहे हैं। वस्तुओं को वितरित करने या त्यागने के निर्णय, कुछ परिवारों में, अतीत की दर्दनाक यादें ला सकते हैं या तनावपूर्ण लम्हों को फिर से दोहरा सकते हैं। परिवार के वह सदस्य जो उस व्यक्ति की देखभाल कर रहे थे, उन्हें थकावट, घबराहट, उदासी या अन्याय की भावना महसूस हो सकती है, उन्हें अब अपने प्रियजनों के मामलों को देखना होगा। सामान कैसे संग्रहित करें या छोड़े, अंतिम संस्कार की व्यवस्था कैसे करें, वसीयत निष्पादित करें, वृद्ध देखभाल केन्द्र से निपटें या, कुछ मामलों में, कानूनी विवादों से कैसे निपटें, यह तय करने की व्यावहारिक चुनौतियों से दुख बढ़ सकता है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय


टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# सलमान ने नहीं छोड़ी द बुल, फिर शुरू करेंगे शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान को लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने करण जौहर के साथ बनने वाली फिल्म द बुल से अपने कदम वापस खींच लिए हैं। गौरतलब है कि 1998 में रिलीज हुई करण जौहर की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म कुछ कुछ होता है में सलमान खान का एक्सटेंडेड कैमियो था। अब इस फिल्म के 25 साल बाद करण जौहर ने अपने प्रोडक्शन की फिल्म द बुल में सलमान खान की कास्टिंग की है। पिछले कई दिनों से फिल्मी गलियारों में चर्चा थी की डेट्स फाइनल न होने पर सलमान खान ने फिल्म छोड़ दी है, हालांकि अब प्रोडक्शन के सूत्रों की मानें तो ये खबर सरासर अफवाह है।

लाइफ Style



# उर्वशी

## ट्रोल होने पर दी सफाई

एजेंसी ⏭ मुंबई

मेट्रोमोनियल ब्रांड के ऐड को लेकर कंट्रोवर्सी में आईं एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने सफाई पेश की है और कहा कि उन्होंने ऐड में जो कुछ भी बोला गया, वह स्क्रिप्ट का हिस्सा था। एक्ट्रेस हाल ही में एक मेट्रोमोनियल ब्रांड के ऐड में नजर आईं। वीडियो में, उर्वशी एक्टर्स, बिजनेसमैन, सिंगर्स और क्रिकेटर्स के बारे में बात करती हैं।

उर्वशी कहती हैं, मैं तमाम लोगों से मिली, जिनमें बिजनेसमैन, एक्टर और कुछ क्रिकेटर्स भी हैं। कई तो ऐसे हैं जो मेरी हाइट के नहीं हैं। इस ऐड को फैंस ने क्रिकेटर ऋषभ पंत से जोड़ दिया और एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उर्वशी ने वीडियो में बिना नाम लिए भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत का मजाक उड़ाया है। अब एक्ट्रेस ने सभी ट्रोलर्स का मुंह बंद करने के लिए सफाई पेश की। उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, यह ब्रांड द्वारा दी गई कॉमन स्क्रिप्ट है, न कि किसी की ओर इशारा, पॉजिटिविटी फैलाओ। जिम्मेदार होने के नाते, मैं समझती हूं कि ब्रांड के एंबेसडर के रूप में लोगों पर इसका क्या प्रभाव पड़ सकता है। वर्कफ्रंट के मुताबिक, उर्वशी इन दिनों यो यो हनी सिंह के साथ 'लव डोज 2.0' के सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं और प्रोजेक्ट 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' (जेएनयू) के लिए तैयारी कर रही हैं, जहां वह एक कॉलेज राजनेता की भूमिका निभा रही हैं।

एक्ट्रेस के पास अक्षय कुमार की 'वेलकम 3', बॉबी देओल, दुलकर सलमान, नंदामुरी बालकृष्ण के साथ 'एनबीके109', सनी देओल और संजय दत्त के साथ 'बाप' (हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर 'एक्सपेंडेबल्स का रीमेक) और रणदीप हुड्डा के साथ 'इंस्पेक्टर अविनाश 2' जैसे प्रोजेक्ट भी हैं।

हॉलीवुड मसाला




# अरबपतियों की लिस्ट में हुई शामिल

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट ने 1.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पहली बार फोर्ब्स वर्ल्ड की अरबपतियों की सूची में प्रवेश किया है। टेलर स्विफ्ट, केवल अपने गीतों और प्रदर्शन के आधार पर अरबपति का दर्जा हासिल करने वाली पहली संगीतकार हैं, जिनकी अनुमानित कुल संपत्ति $1.1 बिलियन है। टेलर की नेटवर्थ करीब 35 देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। अपने व्यापक गीत लेखन कैटलॉग के अलावा, टेलर स्विफ्ट ने इतिहास में पहला अरब डॉलर का दौरा भी आयोजित किया है।



# मेगन ने प्लास्टिक सर्जरी पर किया खुलासा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार मेगन फॉक्स ने बताया कि उन्होंने कौन-कौन सी प्लास्टिक सर्जरी करवाई और कब। वह बोलीं, 'जब मैं 21 या 22 साल की थी तब मैंने अपने ब्रेस्ट की सर्जरी करवाई थी। मैंने बच्चों को ब्रेस्टफीडिंग करवाने के बाद इनकी दोबारा सर्जरी करवाई। इसके बाद अब हाल ही मैंने सर्जरी इसलिए करवाई क्योंकि मेरी बॉडी पर इतना फैट नहीं था कि इम्प्लांट को छुप सके। इसलिए मुझे बदलवाकर ऐसे इम्प्लांट लगवाने पड़े, जो सेट हो सकें।' उन्होंने बताया, मैंने कभी भी किसी भी तरह का फेस लिफ्ट नहीं करवाया। न कोई मिड लिफ्ट और ना ही लेटरल ब्रो लिफ्ट। हालांकि मैं एक रेगुलर आइब्रो लिफ्ट चाहूंगी या शायद नहीं भी। मैंने कभी थ्रेडिंग नहीं करवाई और मैंने उस पर काफी रिसर्च भी किया है। मुझे ऐसा लगता है कि इसका कोई फायदा नहीं है।



# सिटाडेल में अलग तरह का एक्शन : सामंथा

**मुंबई।** एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आगामी सीरीज 'सिटाडेलः हनी बन्नी' और 'द फैमिली मैन' को लेकर कहा कि इनमें एक्शन बहुत अलग तरह का है। सामंथा ने 'द फैमिली मैन' में राजी के किरदार में जो एक्शन सीन किए, उसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली है। अपने द्वारा किए गए स्टंट पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने सीन की तैयारियों को लेकर खुलकर बात की। सामंथा ने कहा, मैंने 'द फैमिली मैन' में राजी के किरदार के लिए जो किया, वह एक्शन के मामले में बहुत अलग है। मैं 'सिटाडेल' में एक्शन को लेकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से यह कुछ ऐसा है जो मैं अपने किरदार राजी के लिए चाहती थी। सीरीज में कुछ मुख्य आकर्षण एक्शन बिट्स हैं और मैं वास्तव में उन्हें स्क्रीन पर देखने के लिए उत्सुक हूं।



# शाहिद ने किया देवा का नया पोस्टर शेयर

**मुंबई।** शाहिद कपूर फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बहुमुखी और प्रतिभाशाली एक्टर में से एक हैं। चाहे वह उनका लुक हो, उनकी एक्टिंग स्किल्स और धमाकेदार डांस स्टेप्स इसे दर्शकों के लिए और अधिक लुभावना बनाते हैं। अब अपनी आगामी फिल्म देवा के बारे में शाहिद कपूर ने पोस्ट शेयर किया, एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म देवा से तस्वीरें शेयर कीं। जिसे देख कर फैंस अपना उत्साह नहीं रोक सके और कमेंट बॉक्स में उमड़ पड़े। एक यूजर ने लिखा, 'डेंजरस लग रहे हैं देवा'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आग बोले तो देवा'। शाहिद हाल ही में 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आए थे। यह फिल्म एक अजब प्रेम कहानी को दर्शाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दायरे में उतरती है।

# प्रियंका की नई फिल्म टाइगर की रिलीज डेट आई सामने

मुंबई। ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा आए दिन खबरों में बनी रहती हैं। इस बीच अब प्रियंका ने अपने नए प्रोजेक्ट की रिलीज डेट की घोषणा की, जिसका नाम 'टाइगर' है। इस फिल्म में उन्होंने मुख्य किरदार अंबा नाम की बाघिन को अपनी आवाज दी है। इस बीच एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठाया हैं। बता दें प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म टाइगर का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट का ऐलान किया हैं, जो कि भारत के जंगलों पर आधारित हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, अंबा है एक कालातीत विरासत वाला बाघ। वह अपने शावकों की इतने प्यार से देखभाल करती है कि मां और बच्चे के बीच का खूबसूरत रिश्ता इतने शानदार ढंग से चमकता है।





# साइलेंस 2 का ट्रेलर आउट

**मुंबई।** एक्टर मनोज बाजपेयी इस समय अपनी बैक टू बैक फिल्मों को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। एक्टर बहुत जल्द फिल्म 'भैया जी' और 'साइलेंस 2' में नजर आने वाले हैं। इस बीच अब मनोज बाजपेयी की फिल्म 'साइलेंस 2' का ट्रेलर मेकर्स द्वारा रिलीज कर दिया गया हैं। जिसमें एक्टर एसीपी अविनाश वर्मा की भूमिका फिर से निभाते हुए नजर आ रहे हैं। साइलेंस 2 के ट्रेलर की शुरुआत मनोज बाजपेयी की आवाज से होती है, जिसमें वह एक दोहा कह रहे हैं। इसके बाद फिर एक हत्या होती है और मामला जांच के लिए उनकी स्पेशल क्राइम यूनिट को सौंप दिया जाता है जांच के दौरान काफी शव मिलते हैं और हत्यारा फरार हो जाता है। ट्रेलर में जांच के बीच में कुछ एक्शन सीक्वेंस दिखाए गए हैं। ट्रेलर में प्राची देसाई ने इंस्पेक्टर संजना भाटिया का किरदार निभाया है जबकि वकार ने इंस्पेक्टर राज गुप्ता का किरदार निभाया है। अबन भरूचा देवहंस द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्राची देसाई, साहिल वैद, वकार शेख और पारुल गुलाटी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# हीरामंडी का गाना तिलस्मी बाहें रिलीज, सोनाक्षी ने दिखाईं अदाएं



**मुंबई।** संजय लीला भंसाली की आगामी सीरीज 'हीरामंडी' का एक और गाना बुधवार को रिलीज हो गया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा दर्शकों पर जादू चलाती नजर आ रही हैं। सीरीज का पहला गाना 'सकल बन' काफी पसंद किया गया। आज दूसरा गाना 'तिलस्मी बाहें' भी सामने आ चुका है। 'तिलस्मी बाहें' गाने को संजय लीला भंसाली ने कंपोज किया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा अपने अभी तक के सबसे अनोखे अवतार में नजर आईं हैं। 'तिलस्मी बाहें' में 'फरीदन' के रोल में सोनाक्षी सिन्हा ने मुजरे को फिर से जिंदा कर दिया है। इस गाने में शिमरी गोल्डन रंग की साड़ी पहने हुए सोनाक्षी सिन्हा एक महफिल में बैठकर गाना शुरू करतीं हैं, जिसमें कई लोग उनके आसपास नजर आ रहे हैं।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑक्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
(राज्य और शहर के प्रसिद्ध 22 सालों से क्षेत्र में अनुभवी)
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
(राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित)
विशेषज्ञ- वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मो. 9179455561, 9039050422
अशोक विहार, स्ट्रीट नो 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट सामने, पंडरी, रायपुर
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

## जैकेट के शेष

### खबर का असर: स्कूलों ....

जिन स्कूलों में दो पालियों में कक्षाओं का संचालन हो रहा है, वहां पहली पाली की कक्षा का संचालन सुबह 7 से 11 तथा दूसरी पाली की कक्षा का संचालन 11 बजे से 3 बजे तक किया जाए। किसी भी स्थिति में छात्रों को 4 घंटे से अधिक शाला परिसर में नहीं रोका जाएगा। आदेश का पालन नहीं किए जाने की स्थिति में कार्रवाई होगी।

### तिल्दा में पारा...

होगा इसके बाद मौसम के मिजाज में मामूली बदलाव होने की संभावना बन रही है। अभी गर्मी का अधिक प्रभाव मध्य इलाकों में है। राज्य के उत्तरी हिस्से में तापमान सामान्य जैसी स्थिति में है मगर दिन में गर्मी वहां भी अपना असर दिखा रही है। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के अनुसार मौसम में अचानक बदलाव होने की संभावना कम है मगर धीमे-धीमे परिवर्तन दिखाई देगा।

### साय ने कहा- मैं ....

प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा, नरेंद्र मोदी के खिलाफ अगर कोई लाठी लेकर खड़ा हो सकेगा, तो भूपेश बघेल खड़े हो सकते हैं। हमें लाठी पकड़कर नरेंद्र मोदी का सिर फोड़ने वाला आदमी चाहिए। उन्हें रात दिन तंग करके चीन भेजने वाला आदमी चाहिए। डॉ. महंत ने इसके पहले उद्योगपति नवीन जिंदल के भाजपा प्रवेश पर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा, रायगढ़ इलाके को जिंदल ने बर्बाद कर दिया। छत्तीसगढ़ की ऐसी-तैसी कर दी। भूपेश भाई ऐसे लोगों को पार्टी में कभी नहीं लेना है।

**भाजपा ने आयोग से की शिकायत** : पीएम नरेंद्र मोदी पर की गई अभद्र और विवादित टिप्पणी को लेकर भाजपा संगठन के पदाधिकारियों ने निर्वाचन आयोग से नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के खिलाफ शिकायत की और मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शाम को भाजपाई डा. महंत के आवास का घेराव करने निकले। भाजपा संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, वे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष संवैधानिक पद में रहे हैं, लेकिन संवैधानिक पदों का सम्मान नहीं करते। कांग्रेस की सभा में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को हिंसा के लिए भड़का रहे हैं। हेट स्पीच के खिलाफ शाम तक कार्रवाई करने की मांग की गई है। मामले को जनता के बीच जनता के न्यायालय में इस मुद्दा को लेकर जाएंगे। उनके इस बयान के विरोध में पुतला दहन किया जाएगा और एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

**मुझे संसदीय परंपरा का ज्ञान** : डॉ. महंत ने कहा, मुझे प्रधानमंत्री के पद और संसदीय परंपरा और गरिमा का पूरा ज्ञान है। मैं स्वयं 4 बार सांसद, 5 बार विधायक और स्पीकर के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष होने के नाते संवैधानिक गरिमा का भी ख्याल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कईयों बार व्यक्तिगत मुलाकातें हुई हैं और वे मुझे भी व्यक्तिगत तौर पर जानते हैं। ऐसा व्यक्ति जो केवल भाजपा का नहीं, बल्कि हर दल के लिए प्रधानमंत्री है, उन पर गलत टिप्पणी तो करने का सवाल ही नहीं उठता।

### राज्य पॉवर जनरेशन कंपनी .....

2023-24 में ही प्राप्त हुआ है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी ने इस अवधि में अन्य अनेक कीर्तिमान भी बनाए। कंपनी द्वारा पांच वर्ष पहले 2018 में 21,277 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन हुआ था। यह विगत 5 वर्षों में कम हो गया था। वर्ष 2023-24 में पुनः 21,068 मिलियन यूनिट के आंकड़े को पार करने में सफलता मिली है। सर्वाधिक सबसे कम विशिष्ट तेल खपत, सबसे कम ऑक्जीलिरी पॉवर कंजप्शन का सर्वकालिक कीर्तिमान भी बनाया गया है।

### यस बैंक में अवैध खाते से ...

सुनवाई के दौरान ईडी के वकील सौरभ पांडे ने कहा कि यदि कोर्ट निर्देशित करें तो प्रवर्तन निदेशालय भी मामले की जांच करेगा। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि आयकर विभाग ने भी जो बातें अभी तक कोर्ट को बताई हैं वह 2022 की ही हैं।

### शपथ पत्र के साथ ...

के समक्ष यह जानकारी दी गई कि सिर्फ अनिमेष सिंह के नाम से ही नहीं बल्कि भावेश ताम्रकार के नाम से भी लेनदेन किए गए हैं।

### बीसी खिलाना भी तो ...

है। आयकर विभाग ने वर्ष 2016-17 से लेकर वर्ष 2019-20 तक खाते की संपूर्ण जांच करने के पश्चात भारी अनियमितता पाई। साथ ही 20 बार अलग-अलग व्यक्तियों को समंस देकर जांच के लिए बुलाया गया। विभाग ने हितेश चौबे को बुलाकर भी बयान दर्ज किया है। आयकर विभाग के अनुसार अनिमेष सिंह बीसी खिलाने और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। सारी रकम इसी प्रकार से उसके खाते में आई है। इस पर कोर्ट ने कहा कि बीसी खेलना और खिलाना भी आखिर एक अवैधानिक कृत्य है।

### हटाए जाएंगे 3500 ....

अनिवार्य होती है। इसी तरह से माध्यमिक और हाईस्कूल तथा हायर सेकंडरी के लिए बीएड डिग्री जरूरी होती है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्राथमिक कक्षाओं में भी बीएड डिग्रीधारियों की नियुक्ति बतौर शिक्षक कर दी गई। इसे ही अभ्यर्थियों ने कोर्ट में चुनौती थी। याचिकाकर्ताओं के पक्ष में फैसला सुनाते हुए प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षक के रूप में केवल डीएलएड डिग्रीधारियों की नियुक्ति करने कहा गया है।

### व्यापम ने 10 जून ....

में डीएलएड डिग्रीधारियों की ही नियुक्ति करने आदेश दिए गए थे। इसके पश्चात छग में भी अभ्यर्थियों ने कोर्ट में प्राथमिक कक्षाओं में बीएड डिग्रीधारियों की नियुक्ति को चुनौती दी।

### तकनीक में फर्क ....

के भीतर डीलएड डिग्रीधारियों की चयन सूची जारी करने कहा है। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं।

### रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा ...

है। वे तीन बिंदु अहम मानते हैं। पहला, वर्तमान पीएम फिर से तीसरी बार पीएम बनें। क्योंकि, देश जिस राह पर जा रहा है, वह उस राह से उतर न जाए। दूसरा, उनका आंकलन है कि डॉ. मोहन यादव की सरकार और प्रदेश संगठन ने जिस प्रकार का कामकाज किया है, उससे मप्र भी इसमें बराबरी का भागीदार बने। तीसरा ये है कि उन्हें इस बात की निराशा है कि खजुराहो से कांग्रेस ने मैदान में उतरने से पहले ही बोरिया-बिस्तर बांध लिया। वे 'हरिभूमि' और 'आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

### उनसे सीधी बात.....

कार्यकर्ता पूरी तैयारी से साथ मैदान में उतरा है। भाजपा हाईकमान ने प्रत्येक बूथ पर 370 मत पाने का लक्ष्य रखा है। इस बार भाजपा देश में इतिहास बनाएगी। प्रदेश की सभी 29 सीटें जीतेंगे। साथ ही देश में 400 पार का जो नारा है, वह भी पूरा होगा।

**सवाल:** पीएम मोदी को पूरा देश तीसरी बार सत्ता सौंपने इतना क्यों आतुर है, इसका राज क्या है?

**जवाब:** पीएम मोदी ने कहा यह जो चुनाव है, वह भाजपा का कार्यकर्ता तो लड़ रहा है, लेकिन इस चुनाव को जनता लड़ रही है। जनता यह चाहती है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों के अंदर जो हुआ है, उससे हर गरीब का जीवन बदला है। चाहे वह व्यक्ति किसी भी धर्म, जाति या संप्रदाय का हो, वह लाभान्वित हुआ है। सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ सबके प्रयासों से यह देश आगे बढ़ रहा है। 25 करोड़ लोग देश के अंदर गरीबी से ऊपर आ गए। इसमें मप्र के 2.50 करोड़ लोग शामिल हैं। पीएम मोदी कहते हैं कि देश में 4 जातियां गरीब, किसान, महिला और युवा। इन वर्गों के अंदर देश में बेहद काम हुआ है। आयुष्मान भारत योजना, पीएम आवास योजना, मुद्रा योजना के जरिए देश को आत्मनिर्भर बनाने में तेजी से कार्य चल रहा है। गांव में भी देखो तो चाय वाला डिजीटली लेन-देन कर रहा है, यह नए भारत का स्वरूप है। उनके नेतृत्व में देश का मान-सम्मान भी बड़ा है। हर प्रकार से देश आगे बढ़ रहा है, इसलिए देश का जनमानस यह चाहता है कि पीएम मोदी पुनः तीसरी बार पीएम बनें।

**सवाल:** जब देश पीएम मोदी को तीसरी बार पीएम देखना चाहता है, तो कांग्रेस पर इतने उतावले क्यों हैं?

**जवाब:** देश की जनता और कांग्रेस में जो लोग पुराने समय से काम कर रहे हैं, वो भी इस बात को मानते हैं कि राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की जिस प्रकार से कांग्रेस ने अवहेलना की, वह भगवान राम का अपमान कांग्रेस ने किया। ऐसे लोग जो लंबे समय से कांग्रेस में काम कर रहे थे, इस घटना के बाद उनके दिल टूट रहे हैं। हम किसी के पीछे नहीं पड़े। वो लोग जिनको लगता है कि कांग्रेस में काम करने में अपने आपको अपमानित मान रहे हैं, उनका पीएम मोदी के प्रति विश्वास बढ़ रहा है, इसलिए वे भाजपा में आ रहे हैं। पीएम मोदी ने संकल्प लिया है कि देश के अंदर जितने भी गुलामी के प्रतीक हैं, वह सब समाप्त होंगे। कांग्रेस भी देश के अंदर गुलामी का प्रतीक है। ये भी अब देश के अंदर समाप्ति की ओर है और ये लक्ष्य जरूर पूरा होगा।

**सवाल:** कैलाश विजयवर्गीय ने कमलनाथ को बासी फल बताने जैसी टिप्पणी की थी, वहीं सुरेश पचौरी को त्वरित बुला लिया, यह कैसा विभाजन है?

**जवाब:** व्यक्ति किस विचारधारा में काम कर रहा है, उस पर निर्भर करता है। चाहे वे दिग्विजय सिंह हो या कमलनाथ। एक मिस्टर बंटाधार दूसरे करप्शननाथ हैं। उन्होंने अपने शासनकाल के दौरान मप्र को लूटा है। वहीं छिंदवाड़ा की गरीब जनता के साथ कमलनाथ ने छल, कपट किया है। इसलिए उनके बारे में इस प्रकार की भाषा लोग बोल सकते हैं। वहीं दिग्विजय सिंह को भारत की धर्म, संस्कृति ओर धरोहर का अपमान करने में आनंद आता है। रामलला पर किस प्रकार प्रहार किया जाए, इस पर उन्हें आनंद आता है। उन्हें आतंकवादियों का समर्थन, देश विरोधी ताकतों के साथ खड़े होने में आनंद आता है। इन लोगों के जब ऐसे व्यवहार हैं, तो तब पॉलिटिकल क्षेत्र में लोग इस प्रकार की भाषा बोलते हैं। व्यक्ति जैसा काम करता है, जनता उसके अनुसार मत बनाती है।

**सवाल:** इतना सब है तो छिंदवाड़ा में भाजपा विधानसभा चुनाव पूरी सीटों पर क्यों निपट गई थी?

**जवाब:** छिंदवाड़ा जिले की विधानसभाओं का वोट शेयर देख लीजिए तो कोई एक हजार से जीते तो कोई 5 हजार के आसपास। वहां हमारा लगातार वोट प्रतिशत बढ़ रहा है। इस बार वह आखिरी आंकड़ा भी पार कर जाएगा। पिछली लोकसभा में उनके पुत्र नकुलनाथ केवल 37 हजार वोटों से जीते थे। वे कभी लोकसभा नहीं गए। उन्होंने लोकसभा में कभी जनता की आवाज नहीं उठाई। मैं दावे के साथ कह रहा हूं कि इस बार पूर्ण बहुमत के साथ छिंदवाड़ा लोकसभा भाजपा जीतेगी। इसको कोई रोक नहीं सकता है। कमलनाथ तो केवल छल-कपट की राजनीति करते हैं। आदिवासी भाइयों को पीएम मोदी ने कई योजनाओं के जरिए ताकत दी है। इसलिए वे सजग हो गए हैं।

**जवाब:** जिनको विधानसभा में जनता ने नकार दिया, उनको सांसद प्रत्याशी बना दिया और जो लगातार जीत रहे थे, उनको घर बैठा दिया, यह कैसा टिकट वितरण है?

**सवाल:** भाजपा समझती है कि आज की आवश्यकता क्या है। विधानसभा चुनाव में पूरी रणनीति के साथ वरिष्ठ नेताओं को उतारा था। कुछ परिस्थितियां और समीकरण बनते हैं, जिसके आधार पर कुछ प्लस-माइनस हो जाता है। फग्गन सिंह कुलस्ते हार गए तो उससे सरकार बनाने में कोई दिक्कत तो आई नहीं। मंडला जिले में अन्य सीटें तो भाजपा ही जीती है। वहीं गणेश सिंह हमारे ओबीसी वर्ग के बड़े चेहरा हैं। उन्होंने सतना जिले में बढ़िया काम किया है। हो सकता है किसी कारण से वे हारे होंगे, लेकिन भाजपा का संगठन और हमारा नेतृत्व गहराई से विचार करता है। केवल वे चुनाव हार गए, इसलिए हम उन्हें माइनस कर देंगे। यह नहीं हो सकता है। कार्यकर्ता की चिंता करना और उसे ताकत देना संगठन हमेशा से चिंता करता आया है और आगे भी करता रहेगा।

**सवाल:** नए-नए मुख्यमंत्री बने डॉ. मोहन यादव के साथ काम करने में कितनी सहजता-असहजता है?

**जवाब:** शिवराज सिंह भी अनुभवी थे और डॉ. मोहन यादव भी उनसे कम नहीं हैं। बल्कि काम करना अब और ज्यादा सुविधाजनक हो गया है। मेरा सौभाग्य रहा है कि 18 साल के अनुभवी शिवराज सिंह के नेतृत्व में विधानसभा 2023 का चुनाव लड़ा और जीता भी। आज मप्र के मुख्यमंत्री के तौर पर डॉ. मोहन यादव हैं। डॉ. यादव हमसे राजनीति में वरिष्ठ हैं। मेरा सौभाग्य रहा है कि मैंने उन्हें उज्जैन में एक कार्यकर्ता के नाते से देखा और आज उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में भी देख रहा हूं। मेरा एक अच्छा संबंध आज से नहीं, वर्षों से रहा है। आज संगठन में कैसे अच्छा से अच्छा काम किया जाए, उनके साथ बैठकर बात करते हैं।

## प्रियंका के साथ पहुंचे राहुल, रोड शो के बाद जनसभा को किया संबोधित

# राहुल गांधी ने रोड शो में दिखाया दम, वायनाड से भरा नामांकन




एजेंसी ▶▶| वायनाड

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट से बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव के सी वेणुगोपाल समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे राहुल ने वायनाड जिलाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। वायनाड जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी भी हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद राहुल ने संविधान को बनाए



रखने की शपथ पढ़ी जिसके बाद कागजात जमा करने की प्रक्रिया समाप्त हुई। राहुल सुबह हेलीकॉप्टर से वायनाड पहुंचे और फिर उन्होंने कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोड शो किया। इसके बाद वह अपना नामांकन पत्र दाखिल कराने के लिए जिलाधिकारी के कार्यालय गए।

### खड़गे ने की 'घर-घर गारंटी' अभियान की शुरुआत



इधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी के 'घर-घर गारंटी' अभियान की शुरुआत की। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'गारंटी' लोगों को नहीं मिली, लेकिन उनकी पार्टी जो गारंटी दे रही है, उन पर वह अमल करेगी। पार्टी का यह चुनावी अभियान पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित है। इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' वाला कार्ड घर-घर जाकर वितरित करेंगे। पार्टी का लक्ष्य आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचने का है। खरगे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत की।

### मुक्केबाज विजेंदर ने दिया कांग्रेस का झटका



मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह, बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। अप्रैल 2019 में कांग्रेस में शामिल होकर राजनीति में कदम रखने वाले सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व के कारण विदेशों में खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ा है। पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता और दक्षिण दिल्ली से पार्टी के उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी की मौजूदगी में विजेंदर सिंह ने केंद्र की सत्ताधारी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# वकील को सम्मान के तौर पर 1 रुपया देगी योगी सरकार

### इलाहबाद हाईकोर्ट ने दिया है आदेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को आदेश दिया है कि सरकार वरिष्ठ वकील अशोक निगम को सम्मान के तौर पर एक रुपया दे। कोर्ट ने यह आदेश 2004 में वकीलों के प्रदर्शन पर पुलिस के लाठीचार्ज से जुड़े एक मामले में दिया है। साल 2007 में वरिष्ठ वकील डॉ.अशोक निगम ने एक याचिका दायर की थी जिसमें घायल वकीलों को मुआवजा देने के साथ-साथ पुलिस कर्मियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की गई थी।



लाठीचार्ज में डॉ. निगम को भी चोट आई थी। जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की बेंच ने 20 मार्च को मामले पर सुनवाई करते हुए वरिष्ठ वकील से पूछा था कि वह किस मुआवजे की उम्मीद कर रहे हैं।

### आयोग का गठन

*इस मामले में जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले आयोग का गठन किया गया था। बाद में आयोग ने यह कहते हुए मामले को बंद करने की सिफारिश की थी कि अब मामला वक्त के साथ शांत हो गया है। हालांकि कोर्ट ने मामले को बंद करने से 2020 में इनकार कर दिया था। पिछले महीने कोर्ट ने वकील अशोक निगम के कहने पर मामले को बंद करने का फैसला किया था। कोर्ट ने इससे पहले कहा था कि यह वकीलों के साथ मारपीट का साधारण मामला नहीं था।*

## अभिषेकम अनुष्ठान...



प्रयागराज, यूपी में बुधवार को जैन भिक्षुओं ने भक्तों के साथ ऋषभदेव जयंती पर अभिषेकम अनुष्ठान किया।

### जयशंकर ने यूएस को उसी की भाषा में दिया जवाब

**अहमदाबाद।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भारत के आंतरिक विषयों पर अवांछित राजनीतिक टीका-टिप्पणी करने के खिलाफ आगाह किया और कहा कि इस तरह के किसी भी




हस्तक्षेप को ''सख्त जवाब'' मिलेगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई गिरफ्तारी के सिलसिले में अमेरिका, जर्मनी और संयुक्त राष्ट्र के राजनयिकों के हालिया बयानों के मद्देनजर जयशंकर की यह टिप्पणी आई है।

## दर्शनार्थियों की संख्या ने भी सावन को पीछे छोड़ते हुए बनाया नया कीर्तिमान

# काशी विश्वनाथ धाम में 11 करोड़ का चढ़ावा, बना रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| वाराणसी

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में अबकी मार्च में दर्शनार्थियों की संख्या ने सावन को पीछे छोड़ते हुए नए रिकार्ड बनाए तो अब तक के सर्वकालिक चढ़ावे में सर्वाधिक धनराशि भी भक्तों ने बाबा के चरणों में अर्पित की। यह चढ़ावा नकद के अतिरिक्त आनलाइन व अन्य स्रोतों के माध्यम से आया। श्रद्धालुओं ने बाबा दरबार में मार्च में 11 करोड़ 14 लाख 62 हजार 600 रुपये चढ़ावे के रूप में अर्पित किए। अब तक 2023 के सावन की 8,11,21,619 रुपये आय रिकार्ड के रूप में दर्ज थी। विशेष यह कि इसमें सोना-चांदी का आंकड़ा नहीं शामिल है। उसे जोड़ लिया जाए तो यह



आंकड़ा और बढ़ जाएगा। इस बार विशेष यह रहा कि श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में मार्च ने श्रद्धालु संख्या का भी दोहरा रिकार्ड बनाया। महीने में तीन दिन ऐसे रहे जिसमें सामान्य दिन में श्रद्धालु संख्या के रिकार्ड टूटते-बनते रहे। अंतिम दिन 31 मार्च को 6,36,975 श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। यह पर्व अतिरिक्त दिवस का रिकार्ड रहा।

### करीब 1 करोड़ श्रद्धालु

मार्च के 31 दिनों में रिकार्ड 95,63,432 श्रद्धालु मंदिर आए। यह संख्या 2023 के सावन के रिकार्ड को पीछे छोड़ते हुए नया रिकार्ड बना गई। मासिक श्रद्धालु संख्या की बात करें तो इस माह के सापेक्ष मार्च 2023 में धाम आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 37,11,060 थी। पर्व मास अनुसार अगस्त 2023 में सावन मास में अधिकतम संख्या 95,62,206 थी। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा के अनुसार श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के नव्य-भव्य स्वरूप का लोकार्पण होने के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या जैसे-जैसे बढ़ती जा रही है, वैसे ही चढ़ावा में भी वृद्धि हो रही है।

## पेज एक के शेष

### राजनांदगांव ने रचा इतिहास...

पहुंच गए थे। हालत यह थे कि कई गांव से लोग एक साथ ही एक वाहन में नामांकन फार्म लेने पहुंच गए थे। राजनांदगांव से 100 किलोमीटर दूर से भी लोग अपना नामांकन दाखिल करने के लिए आए थे। इससे पहले 1996 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से 32 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे।

### 13 नक्सलियों के शव...

कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम आपॅरेशन के लिए रवाना हुई थी। लेण्ड्रा के जंगल में दोनों ओर से लगभग 12 घंटे तक फायरिंग होती रही, जिसके बाद 3 महिला समेत 13 नक्सलियों के शव बरामद किया गया। मारे गए अधिकांश नक्सली पीएलजीए कंपनी नम्बर दो व प्लाटून 12 के मेंबर बताए जा रहे है। इसके अलावा घटनास्थल से एलएमजी ऑटोमेटिक हथियार के अलावा 303 रायफल, 12 बोर रायफल, भारी मात्रा में बीजीएल सेल, लांचर हथियार, गोला बारूद, लैपटॉप व नक्सलियों की दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है।

**तेलगांना से भी एकत्रित की जा रही जानकारी** : भीषण गर्मी के चलते मुठभेड़ में मारे गए अधिकांश नक्सलियों के चेहरे पहचानने में अधिकारियों व सुरक्षाबलों के जवानों को दिक्कत आ रही है। मारे गए नक्सलियों के शिनाख्त के लिए पड़ोसी राज्य तेलगांना से भी जानकारी एकत्रित की जा रही है। चार नक्सलियों की शिनाख्त कर ली गई है और सभी कंपनी नम्बर टू के नक्सली है। इनमें पीएलजीए कम्पनी नम्बर टू का एसीएम पीपीसीएम सुखराम हेमला, कम्पनी नम्बर टू हुंगा परसी, हुंगा कुंजाम, दुला सोनू व डीवीसी झितरू की पत्नी सीतक्का शामिल है। मारे गए इन नक्सलियों पर 25 लाख से अधिक का इनाम घोषित था।

### बरामद लैपटाप...

संगठन में की गई नई भर्ती की जानकारी भी मिलने की संभावना है। हालांकि मुठभेड़ के बाद मिले नक्सल दस्तावेज से कई अहम जानकारी मिलने की संभावना पुलिस द्वारा व्यक्त की जा रही है।

### अमीरों के पास ...

अपराध किए ही उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर, दबाव पूर्वक मोटी रकम की वसूली करते थे। गिरोह के सदस्य शहर एवं आसपास के धनाढ्य एवं विभिन्न शासकीय एवं प्राइवेट सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए लोगों को अपने झांसे में लिया करते थे। उन्हें महिला संबंधी अपराध में फंसाने एवं लोक-लाज का भय दिखाकर लाखों रुपए की मोटी रकम वसूली की जाती थी। यह गिरोह शातिर तरीके से अपने काम को अंजाम देता था।

### केजरीवाल के आरोप ...

गिरफ्तारी की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि चुनाव में हिस्सा लेने से रोकने के लिए ऐसा किया गया है। वहीं, ईडी ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि घोटाला हुआ है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने दावा किया कि उसके पास केजरीवाल के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं।

### अबू धाबी के पहले...

आयोजित करता है और आगंतुकों के लिए बंद रहता है, जिसका अर्थ है कि परिसर मार्च में 31 दिनों में से केवल 27 दिनों के लिए आम लोगों के लिए खुला था। उन्होंने कहा, मंगलवार से रविवार तक हर शाम, स्वामीनारायण घाट के तट पर शाम साढ़े सात बजे गंगा आरती की जाती है, जो भारत से लाए गए गंगा और यमुना के पवित्र जल का उपयोग करके बनाया गया है।

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5471



**बाएँ से दाए**
1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

### शब्द पहेली- 5470 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | ■ | अ | ■ | बी | र | ब | ल |
| ■ | ला | ■ | वा | ■ | म | हि | मा | ■ | ल | व |
| म | ■ | ■ | य | की | न | ■ | र | ■ | ■ | कु |
| त | क | ली | फ | ■ | चै | त्र | ■ | क | ल | श |
| वा | ■ | ड | ■ | रा | न | ■ | गै | ■ | ह | ■ |
| ला | प | र | वा | ह | ■ | का | र | गु | जा | री |
| ■ | र | ■ | दा | ■ | अ | स्त | ■ | मा | ■ | मा |
| प्र | ख | र | ■ | पा | प | ■ | म | न | च | ला |
| जा | ■ | ■ | शा | ■ | ह | न | न | ■ | ■ | गू |
| प | र | ■ | पि | ह | र | ■ | ह | ■ | शा | ■ |
| ति | जा | र | त | ■ | ण | ■ | र | ह | म | त |

## सूडोकु नवताल - 5482

✶✶✶✶✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5481 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

# हेल्दी लाइफ के लिए रूल्स ना हों स्ट्रेसफुल

यह सही है कि हेल्दी और फिट रहने के लिए डाइट और लाइफस्टाइल में बैलेंस होना चाहिए। लेकिन इनकी वजह से हमेशा स्ट्रेस लेना और खुद की इच्छाओं को मारना भी सही नहीं है। अच्छी हेल्थ के लिए कैसे हों रूल्स, जानिए।


हेल्दी फंडा

शिखर चंद जैन



लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के बीच हेल्थ को लेकर लोगों में जागरूकता काफी बढ़ी है। काफी लोग सुबह जल्दी उठकर वॉकिंग, जॉगिंग और एक्सरसाइज कर रहे हैं। खान-पान में परहेज बरत रहे हैं और टाइट-डाइट प्लान पर अमल कर रहे हैं। लेकिन कभी-कभी इस अनुशासित जीवनशैली से भी इंसान का मन स्ट्रेस्ड और दुखी हो जाता है, तब लगता है कि हमें दुनिया की सारी अच्छी चीजों से दूर रखा जा रहा है। ऐसे में जब अनुशासन ज्यादा लगे तो इसमें ढील देकर रिलैक्स करने में कोई बुराई नहीं।

**सुकून भी है जरूरी:** अपनी जिंदगी में हर उस चीज को दूर रखना, जो आपको पसंद है, आपको कभी स्वस्थ नहीं रख पाएगी। क्योंकि आप हमेशा दुखी और असंतुष्ट रहेंगे, इसलिए विवेकशीलता और संतुलन के साथ इन चीजों को भी शामिल रखें। जो लोग बहुत कठोर एक्सरसाइज और टेस्टलेस हेल्दी डाइट लेते रहते हैं, उनके लिए लेखिका हाना ब्रोंफमैन ने अपनी किताब 'डू व्हाट फील्स गुड- रेसिपीज, रेमेडीज एंड रूटीन टू ट्रीट योर बॉडी राइट' में लिखा है कि तन-मन स्वस्थ रखने के लिए दुनिया के तमाम हेल्थ नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने आत्मिक आनंद और सुकून का ध्यान रखना सबसे ज्यादा जरूरी है।



**फिजिकल-इमोशनल-सोशल बैलेंस जरूरी:** आप अपनी वेलनेस का टारगेट तभी अचीव कर पाएंगे, जब खुद को खुश और आनंदित रखेंगे। सही ढंग से सेहतमंद रहने के लिए जिंदगी के फिजिकल, इमोशनल और सोशल तीनों पहलुओं में संतुलन रखना होगा। आपको फिजिकली फिट रहना है तो एक्सरसाइज करें लेकिन खुद को कष्ट न दें। एंज्वॉय करते हुए डांस, स्विमिंग, बैडमिंटन, रेसिंग, वॉकिंग आदि के माध्यम से फिट रह सकते हैं। आपको चटपटी चीजें खाना पसंद हो तो जरूरी नहीं कि आप होटल रेस्तरां या स्ट्रीट फूड खाएं। आप कभी-कभी घर में अपने हाथ से ताजा चटपटी चीजें, जो शुद्ध तेल-मसालों और सब्जियों, फलों के उपयोग से बनी हो, उन्हें खा सकते हैं। आपको लोगों से मिलना-जुलना, हंसी-मजाक करना और दोस्तों के साथ अड्डा जमाना अच्छा लगता है तो जरूरी नहीं कि आप किसी बार में मिलें। इसके लिए आप किसी अच्छे रेस्तरां में डिनर, लंच या ब्रेकफास्ट पर मिल सकते हैं।

**छोटे कदम उठाएं:** वेलनेस का मूल मंत्र यह है कि आपको जानना चाहिए कि आपके लिए क्या बेस्ट है और आप खुद को स्ट्रेस दिए बिना इसे कैसे अचीव कर सकते हैं? स्ट्रेस देने वाली डाइट, एक्सरसाइज या दूसरे अनुशासन बिल्कुल काम नहीं करते। जो चीजें आपको उदास और परेशान करती हैं वे नुकसान पहुंचाती हैं। मनोचिकित्सक डॉ. संजय गर्ग का कहना है कि मन की स्थिति और विचारों का हमारे एनर्जी लेवल पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। वेलनेस कोच का मानना है कि आपको वेलनेस रिजाइम सेट करने के लिए छोटे-छोटे त्याग शुरू करने चाहिए और हर रोज छोटे छोटे कदम उठाते हुए बैड हैबिट्स को अपने रूटीन से निकालकर अच्छी आदतें विकसित करनी चाहिए।

**ऐसा हो वेलनेस रूटीन:** 80 फीसदी हेल्दी रूटीन और अनुशासन के साथ-साथ 20 फीसदी ढील खुद के मन की चीजों के लिए दें। जिम के बाहर यानी किसी पार्क, हरे-भरे स्थान या सी बीच पर रनिंग/वॉकिंग करने की आदत डालें। वेट कंट्रोल या डाइट कंट्रोल के कठिन लक्ष्य निर्धारित करके खुद को सजा न दें। हेल्दी रूटीन और डाइट पर कंट्रोल की अपनी छोटी-छोटी उपलब्धियों को एंज्वॉय करें।

**सोशल मीडिया से प्रभावित ना हों:** कभी भी सोशल मीडिया पर दी गई सूचनाओं और जानकारियों से प्रभावित ना हों। इनमें से ज्यादातर फेक हो सकती हैं और आप को नुकसान पहुंचा सकती हैं। दूसरों की नकल करने की कोशिश भी ना करें क्योंकि हर व्यक्ति की शारीरिक क्षमता और जरूरतें अलग होती हैं। इसके लिए एक्सपर्ट से कंसल्ट जरूर करें। *

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. संतोष कुमार अग्रवाल
सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन
मैरिंगो एशिया अस्पताल, फरीदाबाद

स्पेशल:7 अप्रैल, वर्ल्ड हेल्थ-डे

हम हेल्दी लाइफ तभी जी सकते हैं, जब इसके प्रति अवेयर होंगे। इसे अपना अधिकार समझेंगे। इसीलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष वर्ल्ड हेल्थ डे की थीम-माई हेल्थ, माई राइट निर्धारित की है। इसके लिए मुख्य रूप से हमें पौष्टिक-संतुलित भोजन, स्वच्छ वातावरण और शुद्ध पेयजल को अपनाना होगा। इसके लिए हमें किन बातों पर ध्यान देना होगा, आपको जरूर जानना चाहिए।

# हेल्दी लाइफ के लिए हम समझें माई हेल्थ-माई राइट

अन्न, जल, और वायु हमारी मूलभूत जरूरतें ही नहीं, स्वस्थ जीवन का आधार भी हैं। लेकिन आज के दौर में अनजाने ही हम अच्छी सेहत के लिए जरूरी इन मूलभूत जरूरतों को इस्तेमाल करने के अपने अधिकार को ही दरकिनार करते जा रहे हैं। पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं में की जाने वाली छेड़छाड़ की वजह से जलवायु संकट बढ़ रहा है और प्राकृतिक संसाधन दूषित होते जा रहे हैं। फलस्वरूप इनके विशुद्ध रूप का उपयोग करने से हम वंचित हो रहे हैं। वहीं व्यस्ततम आधुनिक जीवनशैली और खान-पान की अस्वास्थ्यकर आदतों की वजह से पोषक तत्वों से भरपूर आहार का सेवन नहीं कर पा रहे हैं। जिसका खामियाजा बिगड़ती सेहत के रूप में खुद हम ही भुगत रहे हैं। इस वर्ष वर्ल्ड हेल्थ डे के मौके पर डब्ल्यूएचओ ने सभी देशों से 'माई हेल्थ-माई राइट' का आह्वान किया है, ताकि हर व्यक्ति अच्छा पोषण, साफ-सुरक्षित पेयजल और स्वच्छ वायु जैसी मूलभूत जरूरतों का लाभ उठा सके और स्वस्थ जीवन जी सके।

## पौष्टिक-संतुलित भोजन

पोषक और संतुलित आहार, स्वस्थ जीवन का आधार है। ऐसा आहार जिसमें मोटे तौर पर ये दो फूड ग्रुप्स जरूर होने चाहिए- मैक्रो न्यूट्रिएंट्स (कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और फैट्स) और माइक्रो न्यूट्रिएंट्स (विटामिन और मिनरल्स)। आहार से प्राप्त पोषण न केवल रोजमर्रा की गतिविधियों को करने में हमें उर्जा प्रदान करता है, बल्कि शारीरिक-मानसिक विकास के लिए भी जरूरी है। इम्यूनिटी बूस्ट करने, इंफेक्शन से बचाने, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं दूर करने में मदद मिलती है। व्यक्ति निरोगी जीवन जी सकता है। खासकर वेगन डाइट से ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थाइरॉयड, हाई कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड जैसी क्रॉनिक डिजीज को कंट्रोल किया जा सकता है। लेकिन आजकल की बदलती जीवनशैली और खान-पान की गलत आदतों की वजह से हमारे खाने की थाली में बदलाव आए हैं। बहुधा पोषक तत्वों की कमी मिलती है, जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। आवश्यक संतुलित आहार लंबे समय तक न मिलने पर कुपोषण की समस्या आ जाती है, व्यक्ति की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, जिससे वह आसानी से कई तरह की बीमारियों का शिकार हो सकता है। इनकी कमी से कुपोषण, एनीमिया के अलावा कई बीमारियां होने की संभावना रहती है। जैसे- विटामिन ए की कमी से अंधापन हो सकता है। विटामिन डी की कमी से हड्डियां,दांत और मांसपेशियां कमजोर रह जाती हैं। वयस्कों में थकान, एनीमिया, डिप्रेशन, फैटी लीवर, ऑस्टियोपोरोसिस,उच्च रक्तचाप, दिल के रोग, कैंसर जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है।



## कैसे करें बचाव

प्रोसेस्ड, जंक या फास्ट फूड के बजाय घर के बने खाने को वरीयता दें। संतुलित आहार के लिए अलग-अलग वैरायटी के खाने को शामिल करें। खाने की थाली में इस विविधता से एक तो जायका बढ़ता है, दूसरे पौष्टिक तत्वों में इजाफा भी होता है। हरेक मील में सभी फूड ग्रुप का सेवन करें यानी खाने की प्लेट में एनर्जी देने वाले (कार्बोहाइड्रेट), हड्डियों आदि को मजबूती देने वाले (प्रोटीन, कैल्शियम) और प्रोटेक्टिव (विटामिन और मिनरल) फूड्स होने चाहिए।



## शुद्ध-सुरक्षित पेयजल

पानी मनुष्य को जीवित रहने के लिए बहुत जरूरी है। यहां तक कि मानव शरीर के तकरीबन 70 प्रतिशत भाग में पानी विद्यमान होता है। एक व्यक्ति कुछ हफ़्ते तक बिना खाए रह सकता है, लेकिन पानी के बिना एक सप्ताह रहना भी मुश्किल हो जाता है। बीमारियों से दूर रहने के लिए शुद्ध-सुरक्षित पेयजल जरूरी है। लेकिन आज हमारे सामने पानी का संकट बड़ी समस्या है। इसके पीछे वनों का कटाव, बढ़ता प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और इकोलॉजिकल सिस्टम में असंतुलन मुख्य कारण हैं। दुनिया भर में पानी की कमी वाले क्षेत्रों में करीब 400 मिलियन लोग रहते हैं। करीब 6.5 अरब लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी का नियमित सेवन शरीर के समुचित संचालन के लिए आवश्यक है।

पानी शरीर को हाइड्रेटेड रखता है। पाचन-प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाता है। पोषक तत्वों के अवशोषण में मदद करता है। शरीर में सोडियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स के संतुलन को बनाए रखता है, जो सेलुलर प्रक्रियाओं को नियंत्रित करता है जो तंत्रिका संचार, हृदय कार्य और मांसपेशियों के संकुचन को नियंत्रित करता है। रक्त प्रवाह (जिसमें 83 प्रतिशत पानी होता है) के माध्यम से ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचाकर शरीर को पोषण प्रदान करता है। अपशिष्ट और विषाक्त पदार्थों को शरीर से बाहर निकालता है। शरीर का तापमान नियंत्रण करता है।

## स्वास्थ्य पर असर

बैक्टीरिया या वायरस की वजह से प्रदूषित पानी पीने से गैस्ट्रो इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती है। व्यक्ति को पेट दर्द, डायरिया, उल्टियां, हैजा, टाइफायड, बुखार, हेपेटाइटिस ए जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। जल स्रोत के रसायनों या कीटनाशकों की वजह से कैंसर और हृदय संबंधी दीर्घकालिक बीमारियां होने का जोखिम रहता है।



## कैसे करें बचाव

- प्रदूषित स्थान का पानी न पिएं। पानी उबालकर पिएं।
- फिल्टर, आरो जैसे वॉटर प्यूरीफायर से शुद्ध पानी या क्लोरीन टेबलेट से साफ पानी का इस्तेमाल करें।
- वातावरण को साफ रखें, प्राकृतिक जल स्रोतों में कूड़ा न डालें। गंदा-संक्रमित पानी न पिएं। *

प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा

## स्वच्छ वायु भी है बहुत जरूरी



**हम सभी** को जीने, और स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ हवा की भी आवश्यकता है। लेकिन वर्तमान दौर में स्वच्छ वायु बामुश्किल नसीब होती है। वातावरण में मौजूद धूल-मिट्टी के कण, गैस, ईंधन, धुंआ , रसायन जैसे प्रदूषक तत्व हवा को प्रदूषित करते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया के 97 प्रतिशत लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने के लिए मजबूर हैं। दूषित वायु से हर 5 सेकेंड में एक व्यक्ति अपनी जान गंवा रहा है।

**स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव:** स्वच्छ वायु न मिलने पर इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ जाती है। हवा में मौजूद प्रदूषक तत्व व्यक्ति के श्वसन तंत्र के माध्यम से शरीर तक पहुंचने लगते हैं। शरीर में आक्सीडेटिव तनाव, इंफ्लेमेशन का कारण बनते हैं। जिसकी वजह से शरीर के सभी अंगों, विशेषकर श्वसन तंत्र को प्रभावित करते हैं। म्यूकोसल इम्यूनिटी को हानि पहुंचती है और बार-बार बैक्टीरियल और वायरल इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती है। एलर्जिक सर्दी-खांसी-जुकाम या कफ-कोल्ड की समस्या होने लगती हैं। लंबे समय तक प्रदूषित वायु के संपर्क में रहने पर व्यक्ति को कई तरह के रेस्पिरेटरी इंफेक्शन, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, सीओपीडी, फेफड़ों में कैंसर, निमोनिया, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक का खतरा रहता है।

**कैसे करें बचाव:** घर से बाहर जाते समय यथासंभव मास्क पहनें, इंडोर एयर को स्वच्छ बनाने के लिए एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। वेंटिलेशन का पूरा ध्यान रखें। एयर सर्कुलेशन को अच्छा बनाने के लिए दिन में कम से कम 2 बार कमरे की खिड़कियां-दरवाजे खोलकर रखें। प्रदूषण-रोधी इंडोर प्लांट्स जैस- मनी प्लांट, स्नेक प्लांट, आरीका पाम, रबर प्लांट, एलोवेरा लगाएं। ये पौधे कार्बनडाई ऑक्साइड और वातावरण में मौजूद जहरीली गैसों को अवशोषित कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं। ऑक्सीजन की गुणवत्ता को बेहतर बनाकर वातावरण को साफ रखने में मदद करते हैं।

घरेलू औषधि/ रेखा देशराज

# गुणों का भंडार लहसुन



अपने देश के पारंपरिक, पारिवारिक और सदियों पुराने व्यंजन से लेकर यूरोप और अमेरिका के आधुनिक मशीन निर्मित स्नैक्स तक में लहसुन का यूज हर जगह होता है। शायद ही दुनिया में किसी और मसाले या हर्ब की इतनी मांग हो, जितनी लहसुन की है। लहसुन को प्रकृति में पाए जाने वाले सबसे गुणकारी खाद्य पदार्थों में से एक माना जाता है। एक तरफ जहां लहसुन हजारों किस्म के व्यंजनों में पड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण और सुगंधित हर्ब है, वहीं दूसरी तरफ यह सैकड़ों तरह की बीमारियों में औषधि का भी काम करता है। यही वजह है कि हर कहीं कई तरह से लहसुन का सेवन किया जाता है।

**प्रमुख तत्व:** लहसुन में एलिसिन नाम का एक तत्व पाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें एक तीखी गंध और इसका तीखा स्वाद होता है। लहसुन में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे-मैगनीज, सेलेनियम, विटामिन सी, विटामिन बी6, एंटीऑक्सीडेंट्स, मिनरल्स और सल्फर यौगिक के अलावा लहसुन में एंजोइन और एलीन कंपाउंड भी पाए जाते हैं, जो इसे एक असरदार औषधि बनाते हैं। लहसुन में संक्रमण दूर करने की अदभुत क्षमता होती है।

**औषधीय उपयोग:** लहसुन में एंटीसेप्टिक, एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होने के कारण यह औषधियों की खान माना जाता है। आयुर्वेद में इसको औषधियों का राजा माना गया है। लहसुन हमें खांसी और जुकाम से बचाता है। दिल की सेहत को दुरुस्त रखता है। दिमाग की कार्य प्रणाली में सुधार करता है। पाचन को बेहतर बनाता है। इम्यूनिटी बढ़ाता है। ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है।

स्किन में चमक और ताजगी लाता है। हमें कैंसर और अल्सर से बचाता है। आंतों में पल रहे परजीवियों यानी माइक्रोबियल बैक्टीरिया को मारता है। कोलाइटिस और गैसट्रोइंटेस्टटाइनल बीमारियों को रोकता है। हर दिन 2 से 3 लहसुन की कच्ची कलियां सुबह सबसे पहले खाने से अनेक फायदे होते हैं। *

अवेयरनेस

डॉ. माजिद अलीम

नेत्रहीनता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत में 1 से 7 अप्रैल के बीच 'अंधता निवारण सप्ताह' मनाया जाता है। इस अवसर पर यहां बता रहे हैं कि किन सावधानियों के जरिए रोगों से होने वाले ब्लाइंडनेस को रोका जा सकता है?

# सजगता से रोक सकते हैं ब्लाइंडनेस की समस्या



एक शोध के मुताबिक अपने देश में लगभग डेढ़ करोड़ लोग दृष्टिबाधित हैं। अगर पूरी दुनिया की बात करें तो ये करीब 3 करोड़ 70 लाख हैं। देश के कुल दो तिहाई अंधे व्यक्ति आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में हैं। अंधेपन के प्रति लोगों को अवेयर करने के लिए ही 1 से 7 अप्रैल तक 'अंधता निवारण सप्ताह' मनाते हैं। इसका उद्देश्य अंधता को लेकर देशवासियों में जागरूकता बढ़ाना होता है ताकि जो लोग जन्म से अंधे हैं या किसी दुर्घटना के कारण अपनी दृष्टि खो देते हैं, आम लोग उनके प्रति संवेदनशील रहें। साथ ही अंधता के अन्य कारणों से खुद को बचाए रख सकें। इस साल यानी 2024 की थीम है, 'बींग सीन एंड हर्ड', 'उन्हें देखो और समझो' यानी दृष्टिबाधित लोगों की समस्याओं की अनदेखी न करो।

**अंधेपन के कारण:** जन्मजात और एक्सीडेंट में अपनी दृष्टि खोने के अलावा अंधेपन के प्रमुख कारण कुपोषण, ट्रेकोमा और मोतियाबिंद हैं। बच्चों में जहां अंधेपन का प्रमुख कारण विटामिन-ए की कमी होना होता है, वहीं बड़ों में इसका सबसे आम कारण मोतियाबिंद और ग्लूकोमा है। दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष ग्लूकोमा या मोतियाबिंद से जितने लोग प्रभावित होते हैं, उनमें करीब 68 फीसदी भारतीय होते हैं। आंखों में असंतुलित दबाव का नतीजा ग्लूकोमा रोग होता है। आज भी प्रत्येक वर्ष एक लाख से सवा लाख भारतीय इस बीमारी से दृष्टि खो रहे हैं। आमतौर पर ग्लूकोमा का पता तब लगता है, जब बहुत देर हो चुकी होती है। इसलिए अकसर इसके शिकार लोगों की दृष्टि को बचाना मुश्किल हो जाता है। ग्लूकोमा को काला मोतिया भी कहते हैं। इसके चलते अचानक किसी दिन किसी आंख से दिखना बंद हो जाता है। अगर उसी समय योग्य डॉक्टर के पास पहुंच गए तो ग्लूकोमा का निदान संभव है। देर होने पर रोशनी जा सकती है।

**क्या है ग्लूकोमा:** ग्लूकोमा दृष्टि संबंधी ऐसा रोग है, जिसके शुरुआती लक्षण कभी भी नजर नहीं आते, क्योंकि इसमें अपरिवर्तनीय रूप से दृष्टि के नष्ट होने के प्रमुख कारण या चिह्न प्रदर्शित नहीं होते। आंख की कार्यक्षमता एक तरल पदार्थ की निकासी पर निर्भर करती है। इसे एक्यूअस हूमर के नाम से जाना जाता है। ग्लूकोमा के कारण या तो इस तरल पदार्थ के उत्पादन में स्थायी वृद्धि होती है या बेहद कमी हो जाती है। इस असंतुलन के कारण आंख पर पड़ते दबाव में वृद्धि होती है, जिससे रोशनी रिसीव करने वाली नस के लिए खून की सप्लाई कम हो जाती है, जिससे यह नस नष्ट हो जाती है और व्यक्ति को दिखाई देना कम होने यानी दृष्टिदोष और अंधेपन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें जीवनभर देखभाल और उपचार करवाने की जरूरत होती है। आंख के दबाव को नियंत्रण में रखने के लिए कोई स्थायी उपचार नहीं है।



**ऐसे होती है जांच:** ग्लूकोमा की शुरुआती पहचान के लिए तीन तरह की जांच प्रक्रिया होती है- टोनोमीटर द्वारा नेत्र दबाव की माप, ऑप्टिक डिस्क-नेत्र बिंब परीक्षण और दृष्टि के बाहरी क्षेत्र की जांच के लिए विजुअल फील्ड्स की जांच।

**ग्लूकोमा के लक्षण:** थिएटर जैसे अंधकारमय जगह पर देखने में असहजता। नजर के चश्मे के नंबर में जल्दी-जल्दी बदलाव। आंखों की बाहरी दृष्टि का कम होना। सिरदर्द, आंखों में कुछ भाग से दिखाई न देना। प्रकाश के पास इंद्रधनुषी छवि दिखना। आंखों में तेज दर्द, चेहरे में भी दर्द। वमन और जी मिचलाना। दृष्टि पटल पर अंधेरे का अहसास। आंखों में लाली। प्रकाश के चारों तरफ चमक के साथ धुंधली दृष्टि।

**उपचार के तरीके:** ग्लूकोमा का समय पर उपचार दृष्टि को और अधिक बिगड़ने या अंधेपन से बचा सकते हैं। इसके उपचार में आई ड्रॉप्स, दवाइयां, लेजर उपचार, एर्गोन लेजर ट्रेबेक्यूलोप्लास्टी, सेलेक्टिव लेजर ट्रेबेक्यूलोप्लास्टी, ड्रेनेज इंप्लांट सर्जरी आदि शामिल हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसके एक बार उभरने के बाद इसे पूरी तरह से ठीक कर पाना तो संभव नहीं है, लेकिन इसका प्रबंधन किया जा सकता है। सर्जिकल ट्रीटमेंट के अंतर्गत वह प्रक्रिया की जाती है, जहां एक ऐसा ओपन एरिया बनाया जाता है, जिसमें आंख के तरल पदार्थ के लिए नया जल निकासी मार्ग बनाया जाता है। इससे आई प्रेशर कंट्रोल में रहता है और आंखें सुरक्षित रहती हैं। *



## नाल्को ने रिकॉर्ड कास्ट मेटल किया उत्पादन



**नई दिल्ली।** सार्वजिनक क्षेत्र की कंपनी नाल्को ने वित्त वर्ष 2023-24 में 'कास्ट मेटल' का रिकॉर्ड 4,63,428 मीट्रिक टन उत्पादन किया। 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में धातु की अब तक की सर्वाधिक 4,70,108 मीट्रिक टन बिक्री भी दर्ज की। 2023-24 में बॉक्साइट का उत्खनन 7,600,230 मीट्रिक टन की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। उसने अपनी स्थापना के बाद से पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ दिए।

## एचसीएल टेक बेचेगी ब्रिटिश अनुषंगी में पूरी हिस्सेदारी



**नई दिल्ली।** एचसीएल टेक्नोलॉजीज की पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी एचसीएल इन्वेस्टमेंट्स यूके ने अमेरिकी कंपनी स्टेट स्ट्रीट इंटरनेशनल के साथ संयुक्त उद्यम में अपनी समूची 49 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए समझौता किया है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने शेयर बाजार को इसकी सूचना दी। संयुक्त उद्यम में अपनी हिस्सेदारी की बिक्री से अनुषंगी को 17.25 करोड़ डॉलर की राशि मिलने का अनुमान है।

# ईवी सेगमेंट में दबदबा बनाने की तैयारी में मारुति, 3 इलेक्ट्रिक कार करेगी लांच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बीते कुछ सालों से भारतीय ग्राहकों के बीच इलेक्ट्रिक कारों (ईवी) की डिमांड में लगातार तेजी देखी जा रही है। इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में टाटा टियागो, टाटा पंच और टाटा नेक्सन जैसी इलेक्ट्रिक कारें सबसे ज्यादा पॉपुलर है।

■ भारत में कुल इलेक्ट्रिक कार में 75 फीसदी से अधिक टाटा की हिस्सेदारी

बता दें कि इस सेगमेंट में टाटा मोटर्स का पूरी तरह से दबदबा है। भारत में बिकने वाली कुल इलेक्ट्रिक कार में 75 प्रतिशत से अधिक टाटा की है। अब इस सेगमेंट में मारुति सुजुकी भी एंट्री करने जा रही है। बता दें कि कंपनी साल 2025 की शुरुआत में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार मारुति सुजुकी ईवीएक्स लांच करेगी। आने वाले सालों में मारुति की 3 अपकमिंग इलेक्ट्रिक कार लाने वाली है।

### कंपनी 2025 की शुरुआत में पहली ईवी कार ईवीएक्स करेगी लांच

#### मारुति सुजुकी ईवीएक्स

मारुति सुजुकी साल 2025 की शुरुआत में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार लांच करने जा रही है। कंपनी की पहली इलेक्ट्रिक कार मारुति सुजुकी ईवीएक्स होगी। अपकमिंग मारुति सुजुकी ईवीएक्स की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 15 लाख रुपए के आसपास हो सकती है। कार का मुकाबला मार्केट में हुंडई क्रेटा ईवी और टाटा कर्व ईवी से होगा। कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मारुति की अपकमिंग कार सिंगल चार्ज पर 550 किलोमीटर की ड्राइविंग रेंज ऑफर कर सकती है।




#### मारुति सुजुकी ईडब्ल्यूएक्स ईवी

साल 2023 के अंत में जापान मोबिलिटी शो में मारुति सुजुकी ईडब्ल्यूएक्स कॉन्सेप्ट मॉडल को ग्लोबली शोकेस किया गया था। अपकमिंग कार की एक्स-शोरूम कीमत 10 लाख रुपए के आसपास हो सकती है। अपकमिंग इलेक्ट्रिक कार का मुकाबला मार्केट एमजी कॉमेट और टाटा टियागो ईवी से होना है।

#### मारुति सुजुकी वाईएमसी एमपीवी

मारुति सुजुकी बड़ी फैमिली के लिए साल 2026 तक एक नई इलेक्ट्रिक एमपीवी लांच करने की तैयारी कर रही है। अपकमिंग एमपीवी ईवीएक्स प्लेटफार्म पर बेस्ड होगी। मारुति की अपकमिंग इलेक्ट्रिक एमपीवी में 60 केडब्ल्यूएच का बैट्री पैक दिया रहेगा जो सिंगल चार्ज पर 550 किलोमीटर की रेंज ऑफर कर सकती है। अपकमिंग कार 7-सीटर कंफीग्रेशन में आएगी।


# रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू, शुक्रवार को आएगा ब्याज दर पर फैसला

एजेंसी ⏭ मुंबई

नीतिगत ब्याज दर पर निर्णय करने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। तीन दिन तक चलने वाली बैठक में केंद्रीय बैंक की एमपीसी रेपो दर के संबंध में निर्णय करेगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी के फैसले की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। ऐसी उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक एक बार फिर प्रमुख नीतिगत दर रेपो को यथावत रखेगा और मुद्रास्फीति नियंत्रण पर अपना ध्यान बनाए रखेगा।

### नए वर्ष में एमपीसी की छह बैठकें होगी

आर्थिक वृद्धि दर को लेकर चिंताएं कम होने से खुदरा मुद्रास्फीति पर ही ध्यान रहने की उम्मीद है। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा है। एक अप्रैल से शुरू हुए नए वित्त वर्ष में एमपीसी की कुल छह बैठकें आयोजित होंगी।



### रेपो दर 6.5 फीसदी पर बरकरार

आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की थी और तब से यह लगातार 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। पिछली छह द्विमासिक नीतियों में रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया गया।


### खुदरा मुद्रास्फीति चार फीसदी पर बनी हुई

गवर्नर दास की अध्यक्षता वाली समिति में शशांक भिड़े, आशिमा गोयल, जयंत आर वर्मा, राजीव रंजन और माइकल देबब्रत पात्रा भी शामिल हैं। सरकार ने आरबीआई को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत की घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनी रहे।

### मौद्रिक नीति में उदार रुख जारी रहेगा

सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि मौद्रिक नीति में उदार रुख को वापस लेना जारी रह सकता है। इसमें चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जाकर पहली दर में कटौती की संभावना जताई गई है।

## जीके होंडा रायपुर में पहले स्मार्ट वर्कशॉप का भव्य उद्घाटन



**रायपुर।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के अधिकृत विक्रेता जीके होंडा तेलीबांधा में छत्तीसगढ़ के पहले स्मार्ट वर्कशॉप का उद्घाटन किया गया। रायपुर में सेल्स व सर्विस क्षेत्र में नंबर-1 डीलर जीके होंडा के डायरेक्टर पुनीत परवानी और होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के जोनल मैनेजर अरिजीत भट्टाचार्य व एरिया मैनेजर राहुल राठी के साथ छत्तीसगढ़ में होंडा के सभी एरिया मैनेजर की गरिमामयी उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के पहले स्मार्ट वर्कशॉप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पुनीत परवानी ने बताया कि हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह नया स्मार्ट वर्कशॉप न केवल हमारी सेवा क्षमताओं को बढ़ाएगा बल्कि छत्तीसगढ़ के ग्राहकों को एक अत्याधुनिक और आरामदायक सुविधा भी प्रदान करेगा। उन्होंने आगे कहा कि नई स्मार्ट वर्कशॉप ग्राहकों को कुशल मशीनरी, प्रशिक्षित टेक्नीशियनों और एक आरामदायक प्रतीक्षालय जैसी सुविधाएं प्रदान करेगी।

## रामकृष्ण केयर के डॉ. सिंघल ने किया एमसीटी से सफल 'नी रिप्लेसमेन्ट'




**रायपुर।** रामकृष्ण केयर अस्पताल के जोड़-प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. अंकुर सिंघल ने 'मिनीमम कट तकनीक' द्वारा 45 बीएमआई वाले मरीज का सफल नी रिप्लेसमेन्ट (टीकेआर) परफॉर्म किया। इस सर्जरी की खास बात यह थी मरीज का वजन 100 किलो था और बीएमआई 45 था। ज्यादा वजनी का ऑपरेशन ना सिर्फ कठिन होता है इसमें इंफेक्शन की संभावनाएं अधिक होती है। डॉ. सिंघल ने यह ऑपरेशन अपनी इनोवेटिव मिनिमम कट तकनीक (एमसीटी) से किया है। जिसकी वजह से मरीज का ना सिर्फ जोड़ ठीक किया गया, उसके पैरों के टेढ़ेपन को भी ठीक किया गया। आज मरीज पूरी तरह स्वस्थ है एवं अपना सामान्य जीवन-यापन कर रहा है तथा उसका घुटना पूरी तरह ठीक हो गया है। डॉ. सिंघल ने बताया कि अधिक बीएमआई वाले मरीज का नी रिप्लेसमेन्ट (टीकेआर) अपने आप में जटिल क्रिया है लेकिन इस अद्भुत मिनीमम कट तकनीक (एमसीटी) द्वारा क्षतिग्रस्त जोड़ को भी फिर से ठीक किया जाता है।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152




**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. 8109070600, 7869230888.(RO-1174)

**वेल्डर/फिटर/हेल्पर**

आवश्यकता है- ऑल छत्तीसगढ़ ऑफिस कार्य, वेल्डर, कटर, फिटर, हेल्पर, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, चपरासी, गार्ड, स्टोर कीपर, सुपरवाइजर, इंजीनियर, सभी 5वीं से ग्रेजुएट वेतन 12000- 40000/- परमानेंट कंपनी हेतु मेडिकल +रहना फ्री व्यापार विहार बिलासपुर. 9111965184.(RO-2610)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- रायपुर में 18 चक्का ट्रेलर एवं 16 चक्का हाईवा एव लोडर चलाने के लिए बाहर के ड्राइवर की आवश्यकता है। कृपया पीने वाले संपर्क न करें। 9993714953, 8839375073, 9644260856. (RO-1170)

आवश्यकता है- एक अनुभवी कार ड्राइवर चाहिए,वो दुकान व गोडाऊन में कार्य करने हेतु मेहनती युवकों की आवश्यकता है.संपर्क -रायपुर कृषि केन्द्र, 124, एसके प्लाजा, बॉम्बे मार्केट, रायपुर (RO-1606)

आवश्यकता है- अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है तथा कंप्यूटर ऑपरेटर एवं महिला सफाई कर्मी की आवश्यकता है नशामुक्त व्यक्ति ही संपर्क करें। जैन गर्ल्स हॉस्टल पचपेढ़ी नाका लक्ष्मी नगर रायपुर संपर्क सूत्र:- 8959906595.(RO-1447)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- तेलीबांधा, रायपुर के पास टाटा ऐस और ऑटोमैटिक कार चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है साथ ही टाटा ऐस में चलने और अन्य हमाली कार्य के लिए लड़कों की आवश्यकता है संपर्क करें:- 9754160228.(RO-1206)

**सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- रायपुर सेजबहार तालाब में मछली पालन हेतु अनुभवी सुपरवाइजर की आवश्यकता है। संपर्क करें- अनुराग दत्ता- 7587323876. (RO-1442)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- सेल्स में कस्टमर हैंडल और कंप्यूटर में कोटेशन बनाना साथ ही बिलिंग करना एवं ग्राहकों के साथ फोन पर बातचीत करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन में 18000/- से शुरू कॉल करें- 99932-44000.(RO-3951)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान मे काम करने वाले लड़के एवं लड़कियो कि जरुरत है, एकाउंटेंट, दुकान में काम करने पढ़े लिखे स्टाफ कि आवश्यकता है संपर्क समय सुबह 12;00 से 5:00 9827881003, 7974716022.(RO-1900)

**पैकिंग/लेबर कार्य**

आवश्यकता है- चुस्की चाय मे पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो. 7469980000, 07714075490.(RO-1179)

**सेल्समेन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु सेल्समेन 7, सेल्सगर्ल 3, कम्प्यूटर ऑपरेटर 1, ड्राईवर 1 सभी रायपुर लोकल अनिवार्य, वेतन 6000- 20000/- + कमीशन अनुभवी को प्राथमिकता, विरदीचंद मानकलाल कंकालीपारा संपर्क समय 10.30 - 9.30, मो.,9425522577, 9425522576 (RO-2624)

**टेक्नीकल/सेलस कार्य**

आवश्यकता है- सिम्फनी कूलर मे टेक्नीकल लड़कों की सर्विस एवं सेल्स कार्य हेतु एवं वेल्डर की वेतन 20,000 श्री साई इन्टरप्राइजेज कबीर नगर रायपुर संपर्क- 9300006401, 8319443253 (RO-3949)

**खाना मिस्त्री**

आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस कैंटीन में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर मे खाना देने एवं बर्तन धोने लड़को की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा। पता- बिलासपुर 9993334937, 8871824812. (RO-38888)

**ऑफिस असिस्टेंट**

Requirment- WANTED OFFICE ASSISTANT (FEMALE) POST-01, 12TH+ COMPUTER KNOWLEDGE EXCELLENT INSTITUTE OF FIRE SAFETY C/O SAROSWATI SHISHU MANDIR SECTOR-4, WALK INTERVIWE 8/4/2024 TIME-10AM TO 1PM CONTACT MO.- 79990-42674,78797-63600.(आरो न.-443)

**फील्ड कार्य**

आवश्यकता है- फील्ड में कार्य करने हेतु आदमी की आवश्यकता है गणेश सेनेटरी एंड हार्डवेयर गुढ़ियारी रायपुर छत्तीसगढ़:- 9981737499.(RO-1172)

**प्रूफ रीडर/ आपरेटर**

आवश्यकता है- अजय माला प्रकाशन संस्था हेतु (1) प्रूफ रीडर जिसे पुस्तक या न्यूजपेपर रीडिंग में अनुभव (2) डीटीपी ऑपरेटर जिसे हिंदी, अंग्रेजी में स्पीड टाइपिंग सहित पेजमेकर, कोरल ड्रा में अनुभव आवश्यकता है। संपर्क :- सुबह 11- 5 बजे, अजय प्रकाशन, पंजाब नेशनल बैंक के बाजू, सिविल लाइन, रायपुर , मोबाईल 7978852526, 6264301822 (RO-300)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**कुक**

आवश्यकता है- कुक घरेलू अनुभवी सिनियर महिला-2 सभी तरह का अच्छा खाना बनाना आता हो घरेलू, आफिस काम हेतु, रहने हेतु रूम उपलब्ध परिवार के लिये भी काम टाटीबंध रायपुर में तुरंत मिलें मो.नं. 6266919192. (RO-2651)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 30वर्ष, 10वीं 12वीं, ग्रेजुएट अविवाहित लड़के चाहिए। वेतन 10000+ रहना फ्री+ कमीशन+ बोनस+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 7415455110, 7898882634.(RO-33543)

**अन्य**

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9883460031.(RO-7044)

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 8602908677, 7477221345, बिलासपुर 9993444253, 8359913999, रायगढ़- 7869755871.(RO-2586)




**टॉवर**

टॉवर लगवाए- (Daimend ऑफर) छत्तीसगढ़ वासियों अपनी खाली जमीन छत प्लॉट पर 4G /5G टावर लगवाये एडवांस 70,00,000/- किराया 60,000/- 2 नौकरी सरकार द्वारा रजिस्टर्ड कंपनी संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 06397308856, 7668628202.(RO-2618)

**Astrology ज्योतिष**

ज्योतिष - नारायण शास्त्री घर बैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण, सौतन दुश्मन छुटकारा लवमैरिज, रूठे मानना, ग्रहकलेश, किया कराया, दवाई ना लगना, कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसी भी जड़ से खत्म) 7347259119. (RO-12599)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**Property प्रापर्टी**

**भूमि**

भूमि बेचना है- फार्म हाऊस के लिए प्लॉट उपलब्ध है। भिलाई- दुर्ग से नजदीक बिरेझर में 11000 sqft. के साइज में फ्रेश कटिंग प्लॉट मात्र 111/- रू. psqft. मो. न. 9827423470(आरो न.-440)

**For Rent किराया**

किराये से देना है- कांदुल रोड अक्षत विहार Theresian School के पास रायपुर सर्वसुविधायुक्त 2BHK, बोर, पोर्च सहित स्वतंत्र मकान किराये से देना है। संपर्क- 7987723080, 7725885584 (RO-1169)

किराये से देना है- सेरीखेड़ी विष्णु नगर NH-6 फ्लाई ओवर के नीचे 2400 फिट तीन सेट गोदाम और आफिस 10Kg का पावर कनेक्शन ओपन एरिया नर्सरी उपयोग के लिए किराये से देना है। संपर्क करें- 9425206944, 9669625000. (RO-1168)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - समस्त भारत में मुद्रा योजना द्वारा एज्युकेशन, पर्सनल, प्रॉपर्टी, मार्कशीट, बिजनेस व मकान, दुकान के लिए आधारकार्ड, पैन कार्ड पर लोन 2% ब्याज, 50% छूट उपलब्ध संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9540069704.(RO-2625)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध मे किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध मे किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध मे उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।









# मयंक की गति और सटीक गेंदबाजी से काफी प्रभावित हैं रबाडा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मयंक यादव की तेज गति और सटीक गेंदबाजी से बेहद प्रभावित दक्षिण अफ्रीका और पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा इस तेज गेंदबाजी सनसनी को टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में 'संभावित चयन' के रूप में देखते हैं।

दिल्ली का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी हर मैच में गति के नए कीर्तिमान बना रहा है और मंगलवार की रात उसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 156.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। उन्होंने अपने पहले सत्र में लगातार दूसरी बार मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता जिससे लखनऊ सुपर जाइंट्स को शानदार जीत मिली। रबादा की टीम पंजाब किंग्स को पिछले हफ्ते मयंक की शॉर्ट-पिच गेंदों की बौछार का सामना करना पड़ा था जब पदार्पण करने वाले इस खिलाड़ी ने तीन विकेट चटकाए थे। खेल के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से रबादा की सटीक गेंदबाजी पर बात की।

### मंयक के पास जो है उसे आप खरीद नहीं सकते

रबादा ने कहा, 'उसके पास कुछ ऐसा है जिसे आप खरीद नहीं सकते और वह है उसकी गति। वह इसका फायदा उठा रहा है और काफी अच्छी तरह ऐसा कर रहा है।' उन्होंने कहा, वह जिस लेंथ से गेंदबाजी करता है, उसकी योजना स्पष्ट है और अब बल्लेबाजों को इसका पता चल जाएगा कि वह क्या कर सकता है।



### गति और बेहतर नियंत्रण

रबाडा ने कहा, 'उसके पास गति और नियंत्रण है और वह अपनी भूमिका को समझता है। इसलिए जब आपके पास स्पष्टता है तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वह इस तरह का प्रदर्शन कर रहा है।'

### प्रदर्शन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता

मयंक ने आईपीएल में केवल दो मैच खेले हैं लेकिन अमेरिका और कैरेबिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में उनके संभावित चयन को लेकर व्यापक चर्चा हो रही है और रबादा को भी लगता है कि उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### पंजाब किंग्स के प्रति प्रतिबद्ध

आईपीएल 2024 काफी महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि यह जून में टी20 विश्व कप से पहले होगा जहां रबादा दक्षिण अफ्रीका को पहला आईसीसी खिताब दिलाने की कोशिश करेंगे। लेकिन इससे पहले वह इस सत्र में पंजाब किंग्स के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

### मेरा लक्ष्य प्रत्येक मैच खेलना

रबादा ने कहा, 'मेरा लक्ष्य प्रत्येक मैच खेलना है और इस आईपीएल में प्रत्येक मैच के लिए खुद को उपलब्ध रखना है। बाकी कोच और प्रबंधन पर निर्भर है।' रबादा ने कहा, अगर विश्व कप के लिए चुना जाता हूं तो मैं इसमें शामिल होना पसंद करूंगा।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 4 | 1 | 3 | 2 |
| दिल्ली | 4 | 1 | 3 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
203 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

### बाउंड्री मीटर

442 चौके
299 छक्के

## खबर संक्षेप



### शीर्ष जेसिका पेगुला की संघर्षपूर्ण जीत

**चार्ल्सटन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हमवतन अमेरिकी अमांडा अनिसिमोवा को 3-6, 6-4, 7-6 (3) से हराया। पेगुला ने मैच में सात ऐस लगाए थे और 15 में से केवल 4 ब्रेक प्वाइंट का फायदा उठाने के बावजूद जीत हासिल की। अनिसिमोवा ने 8 में से 4 ब्रेक प्वाइंट को भुनाया।

### चोटिल शिवम मावी आईपीएल से बाहर

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज शिवम मावी पसली की चोट से उबरने में नाकाम रहे और इस कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में नहीं खेल पाएंगे। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना अंतिम प्रतिस्पर्धी मैच पिछले साल अगस्त में खेला था। वह उत्तर प्रदेश की तरफ से घरेलू सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए थे लेकिन वह लखनऊ सुपर जाइंट्स के सत्र से पहले लगाए गए अभ्यास शिविर में शामिल हुए थे। मावी पिछले साल अगस्त में चोटिल हो गए थे।

# नरेन की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर केकेआर ने दिल्ली को हराया

**कोलकाता ने आईपीएल का दूसरा बड़ा स्कोर बनाया**

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

सुनील नरेन की आक्रामक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 106 रन से हराया । नरेन के 39 गेंद में 85 और अंगकृष रघुवंशी के 27 गेंद में 54 रन की मदद से केकेआर ने सात विकेट पर 272 रन बनाये और आईपीएल के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर के रिकॉर्ड की बराबरी करने से पांच रन से चूक गई । दिल्ली की टीम बल्ले और गेंद दोनों से मैच में कहीं नजर ही नहीं आई ।

### पंत ने जड़ा लगातार दूसरा अर्धशतक

कप्तान ऋषभ पंत ने लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने भी 54 रन की पारी खेली लेकिन इनके अलावा कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका और पूरी टीम 17 . 2 ओवर में 166 रन पर सिमट गई । पंत और स्टब्स ने 93 रन की साझेदारी की लेकिन तब तक बीस रन प्रति ओवर की दर से रन बनाने थे ।

### दिल्ली की टीम को शुरुआत अच्छी नहीं मिली

केकेआर के लिये वैभव अरोरा ने तीन विकेट लिये जबकि उसके सबसे महंगे खिलाड़ी मिचेल स्टार्क ने पावरप्ले में ही सफलता दिलाई । दिल्ली की टीम को अच्छी शुरूआत नहीं मिली और विकेट लगातार गिरते रहे ।




### नरेन ने बनाया अपना सर्वोच्च स्कोर

*इससे पहले अपना आक्रामक फॉर्म जारी रखते हुए नारायण ने दिल्ली के सभी गेंदबाजों की धुनाई की । नारायण ने 39 गेंद में सात छक्कों और सात चौकों की मदद से 85 रन बनाये । दिल्ली ने उन्हें 53 के स्कोर पर जीवनदान दिया जो महंगा साबित हुआ और नारायण ने टी20 क्रिकेट में अपना सर्वोच्च स्कोर बना डाला ।*

### केकेआर ने 18 छक्के व 28 चौके जड़े

दिल्ली के गेंदबाजों ने टीम के इतिहास में किसी मैच में सबसे ज्यादा रन गंवाये । केकेआर के बल्लेबाजों ने 18 छक्के और 28 चौके जड़े । दूसरी ओर फिल साल्ट को डेविड वॉर्नर से जीवनदान मिला लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा सके और अगली गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद 18 वर्ष के अंगकृष मैदान पर उतरे और पहली ही गेंद पर चौका लगाया। नारायण और अंगकृष लगातार दो ओवरों में आउट हुए लेकिन उसके बाद रसेल ने रनों का प्रवाह जारी रखा ।

### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल साल्ट का स्टब्स बो नॉर्किया | 18 | 12 | 4 | 0 |
| सुनील नरेन का पंत बो मार्श | 85 | 39 | 7 | 7 |
| अंगकृष रघुवंशी का शर्मा बो नॉर्किया | 54 | 27 | 5 | 3 |
| आंद्रे रसेल बो शर्मा | 41 | 19 | 4 | 3 |
| श्रेयस अय्यर का स्टब्स बो अहमद | 18 | 11 | 0 | 2 |
| रिंकू सिंह का वॉर्नर बो नॉर्किया | 26 | 08 | 1 | 3 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 05 | 02 | 1 | 0 |
| रमनदीप सिंह का साव बो शर्मा | 02 | 02 | 0 | 0 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |


अतिरिक्त : 22 रन
कुल योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 272 रन
गेंदबाजी : खलील 4-0-43-1, ईशांत 3-0-43-2, नॉर्किया 4-0-59-3, सलाम 3-0-47-0, सुमित 2-0-19-0, अक्षर 1-0-18-0, मार्श 3-0-37-1.

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेविड वार्नर बो स्टार्क | 18 | 13 | 2 | 1 |
| पृथ्वी साव का वरूण बो अरोरा | 10 | 07 | 2 | 0 |
| मिचेल मार्श का रमनदीप बो स्टार्क | 00 | 02 | 0 | 0 |
| अभिषेक पोरेल का नरेन बो अरोरा | 00 | 05 | 0 | 0 |
| ऋषभ पंत का अय्यर बो वरूण | 55 | 25 | 4 | 5 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का स्टार्क बो वरूण | 54 | 32 | 4 | 4 |
| अक्षर पटेल का पांडे बो वरूण | 00 | 01 | 0 | 0 |
| सुमित कुमार का पांडे बो नरेन | 07 | 06 | 0 | 1 |
| रसिख सलाम का साल्ट बो अरोरा | 01 | 05 | 0 | 0 |
| एनरिच नॉर्किया का अय्यर बो रसेल | 04 | 06 | 0 | 0 |
| ईशांत शर्मा नाबाद | 01 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 16 रन, कुल योग : 17 . 2 ओवर में 166 रन
गेंदबाजी : स्टार्क 3-0-25-2, अरोरा 4-0-27-3, रसेल 1.2-0-14-1, नरेन 4-0-29-1, चक्रवर्ती 4-0-33-3, अय्यर 1-0-28-0.

**खास खबर**

# रोनाल्डो की सऊदी में एक और हैट्रिक



**आभा (सऊदी अरब)।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 72 घंटे के अंतराल में अपनी दूसरी हैट्रिक लगाई जिसकी मदद से अल नासर ने सऊदी प्रो लीग में आभा को 8-0 से करारी शिकस्त दी। रोनाल्डो ने पहले हाफ में तीन गोल किए और दो गोल करने में मदद की। उनके इस प्रदर्शन की बदौलत सऊदी अरब में नौ बार के चैंपियन अल नासर ने बड़ी जीत हासिल की। पुर्तगाल के इस स्टार खिलाड़ी की लीग के वर्तमान सत्र में यह तीसरी हैट्रिक है। उन्होंने शनिवार को अल नासर की अल ताई पर 5-1 से जीत के दौरान भी हैट्रिक बनाई थी। वह अभी तक लीग में 29 गोल कर चुके हैं और इस मामले में शीर्ष पर काबिज हैं। इस जीत के बावजूद अल नासर लीग की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है। वह शीर्ष पर काबिज अल हिलाल से 12 अंक पीछे है। लीग में अभी आठ दौर के मैच होने बाकी हैं।

# असाधारण गति से गेंदबाजी कर रहे हैं जोफ्रा आर्चर

**लंदन।** पिछले कुछ समय से चोटिल होने के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर असाधारण गति से गेंदबाजी कर रहे हैं और वह इस साल होने वाले टी20 विश्व कप में वापसी करने के लिए तैयारियों में लगे हुए हैं। आर्चर की काउंटी टीम ससेक्स के कोच पॉल फारब्रेस ने कहा कि यह 29 वर्षीय तेज गेंदबाज इंग्लैंड के ओली रॉबिंसन और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं और योजना उन्हें टी20 विश्व कप के लिए तैयार करना है। फारब्रेस ने टेलीग्राफ से कहा,'पिछले सप्ताह अभ्यास के दौरान पहले ओलिवर (रॉबिंसन) और फिर जेडन ने गेंदबाजी की। इनके बाद जोफ्रा गेंदबाजी के लिए आए और उन्होंने असाधारण गति से गेंदबाजी की।' उन्होंने कहा, अभी (जेम्स) कीसी (ससेक्स के गेंदबाजी कोच) की योजना बिल्कुल स्पष्ट है। वह आर्चर को टी20 विश्व कप के लिए तैयार करना चाहते हैं।




# श्रीलंका ने बांग्लादेश को किया क्लीन स्वीप

## दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से दी मात

एजेंसी ▶▶| चटगांव

तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने 50 रन देकर चार विकेट लिये जिससे श्रीलंका ने बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया।

श्रीलंका ने पहला टेस्ट मैच 328 रन से जीता था तथा दूसरे मैच में जीत से उसने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा। श्रीलंका ने इससे पहले टी20 श्रृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी। वनडे श्रृंखला में हालांकि वह इसी अंतर से हार गया था। बांग्लादेश ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह 7 विकेट पर 268 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 318 रन पर आउट हो गई। मेहदी हसन मीराज 81 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 100 गेंद खेली और 14 चौके लगाए। कामिंदु मेंडिस ने दिन के चौथे ओवर में ही ताइजुल इस्लाम को आउट करके श्रीलंका को दिन की पहली सफलता दिलाई। कुमारा ने इसके बाद हसन महमूद और सैयद खालिद अहमद को आउट करके श्रीलंका को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 531 रन बनाए।



### पाक के खिलाफ न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे ब्रेसवेल

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने अपने शीर्ष खिलाड़ियों के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में व्यस्त होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ इस महीने शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को कप्तान नियुक्त किया है। यह पहला अवसर होगा जबकि 33 वर्षीय ब्रेसवेल न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर और केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं, जबकि आगे के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए टिम साउदी के नाम पर विचार नहीं किया गया।

## इंग्लिश प्रीमियर लीग



**नॉटिंघम।** इंग्लैंड के सिटी ग्राउंड में मंगलवार को नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट और फुलहम के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच के दौरान अपनी टीम के लिए दूसरा गोल करने के बाद नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट क्रिस वुड (बाएं) टीम के साथी मॉर्गन गिब्स-व्हाइट के साथ जश्न मनाते हुए।

### अनमोल कजाकिस्तान चैलेंज के प्री क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** भारत की युवा खिलाड़ी अनमोल खरब ने हमवतन मालविका बांसोड़ की कड़ी चुनौती से पार पाकर बुधवार को यहां कजाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)
फोन 0771-4222611, 4222612, ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत 60 दिनों की नोटिस का प्रकाशन
(Publication in the Newspapers in case of return/failure of service of 60 day's Notice U/s.13 (2) of SARFAESI Act,2002)

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा ने, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत निम्नलिखित ऋणकर्ताओं / गारंटरों को 60 दिनों के नोटिस, पंजीकृत डाक / पावती सहित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा जारी की है. लेकिन यह नोटिस डाक अधिकारियों द्वारा सुपुर्दगी प्राप्त करने में मना करने / गलत पते / व्यक्ति द्वारा स्थान छोड़ जाने आदि कारणों से लौटा दी गई है. इन ऋणकर्ताओं / गारंटरों ने, अपनी निम्नलिखित चल / अचल संपत्तियों को, बैंक द्वारा ऋणकर्ता(ओं) को दी जाने वाली विभिन्न ऋण सुविधाओं को प्राप्त करने के एवज में दृष्टिबंधक/बंधक रखा है. बैंक की देय राशि के भुगतान न करने तथा ऋण की नियम एवं शर्तों को पूरा न करने के कारण ऋणकर्ता(ओं) / गारंटर(रों) द्वारा बैंक के ऋण एवं ब्याज के भुगतान में चूक किये जाने के कारण, खाता, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानुसार एनपीए हो गया है। उपर्युक्त को देखते हुए, निम्नलिखित ऋणकर्ता(ओं) / गारंटर(रों) को बैंक द्वारा निम्नलिखित देय के ब्याज सहित भुगतान हेतु 60 दिनों का नोटिस जारी किया गया है, जिसके चूकने पर बैंक बिना न्यायालय या ट्रिब्यूनल के हस्तक्षेप के, अधिनियम के चैप्टर III के अंतर्गत एक या अनेक उपायों द्वारा प्रतिभूति हित लागू करने हेतु बाध्य होगा. ऋणकर्ता(ओं) / गारंटर(रों) को इस नोटिस द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि वे, अधिनियम की धारा 13(13) की शर्तों के अनुरूप, बैंक की सहमति के बिना बैंक को प्रभारित प्रतिभूत आस्तियों में से किसी को भी बिक्री / पट्टे या किसी अन्य द्वारा (सामान्य व्यवसाय के अलावा) ट्रांसफर नहीं करेंगे. ऋणकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) तथा प्रतिभूत आस्तियों के विवरण नीचे दिए गए हैं जिनके विरुद्ध बैंक 60 दिनों के बाद कार्रवाई प्रारंभ करेगा, यदि उनके द्वारा देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता है.

| क्र. | शाखा का नाम और फोन नं. | उधारकर्ता का नाम और पता | बकाया राशि डिमांड नोटिस के अनुसार | सुरक्षित संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 01 | गीतांजली नगर अवंति विहार शाखा, रायपुर 9109993985 | मेसर्स वर्षा ट्रेडिंग, प्रोप. श्रीमती नीतू शर्मा पति श्री गोविंद प्रसाद शर्मा एवं श्री गोविंद प्रसाद शर्मा पिता श्री भगवती प्रसाद शर्मा, फ्लैट नं. 303, ब्लॉक बी, ओम श्री अपार्टमेंट, करिश्मा अपार्टमेंट के पास, रायपुर (छ.ग.) - 492001 | रु. 22,52,032.52 + अप्रयुक्त ब्याज + अन्य प्रभार | (एनपीए दिनांक:29.04.2023) (नोटिस दिनांक 29.02.2024) • स्टॉक एवं बही ऋणों का दृष्टिबंधक. • साम्यिक बंधक व्यावसायिक संपत्ति स्थित शॉप नं.320 एवं 321, द्वितीय तल, शुभ बिजनेस टॉवर, मैसावान रोड, रामसागर पारा, वार्ड नं.- 17, रायपुर, प.ह.नं. 106 ए, आरआईसी रायपुर-1, तहसील एवं जिला- रायपुर, छ.ग. में स्थित है जो श्री गोविंद प्रसाद शर्मा के नाम पर है. संपत्ति की सीमाएं: उत्तर - सलूजा स्टील्स, दक्षिण- मिलाप जी का गोडाउन, पूर्व- रोड, पश्चिम- नूतन किसान राईस मिल. |
| 02 | गीतांजली नगर अवंति विहार शाखा, रायपुर 9109993985 | मेसर्स एल. आर. इंटरप्राइजेस, प्रोपराइटर श्री अशोक कुमार चंदवानी एवं श्री गर्वित चंदवानी पिता श्री अशोक कुमार चंदवानी, सी-63, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)- 492001 | रु. 17,30,162.76 + अप्रयुक्त ब्याज + अन्य प्रभार | (एनपीए दिनांक:31.05.2022) (नोटिस दिनांक 29.02.2024) • स्टॉक एवं बही ऋणों का दृष्टिबंधक. • साम्यिक बंधक संपत्ति स्थित खसरा नं.- 230/1, 239/1 का भाग, कुल क्षेत्रफल - 814 वर्गफीट, खाता बी-1 नं.-448, ग्राम- गुढ़ियारी, प.ह.नं. -107, नेताजी कन्हैया वार्ड नं. - 8, आरआईसी रायपुर-1, तहसील एवं जिला - रायपुर, छ. ग. में स्थित है जो श्री गर्वित चंदवानी के नाम पर है. गिरवी रखी गई संपत्ति की सीमाएं: उत्तर-रोड, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व- रोड, पश्चिम- देवांगन का मकान. |

दिनांक: 04.04.2024, स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

FORM NO. 16
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR
DEMAND NOTICE
RC/3/2024 22.03.2024
BANK OF INDIA
VERSUS
M/S OSWAL ENGINEERING INDUSTRIES
To,
(CD 1) M/S OSWAL ENGINEERING INDUSTRIES
CHANDAN MAL BAID, RESIDENT OF NEW TIMBER MARKET, FAFADIH, NEAR PATIDAR BHAWAN, RAIPUR (C.G.)
Raipur, -492001
Also At:
FACTORY AT PLOT NO 94, ENGINEERING PARK, HEAVY INDUSTRIAL AREA, HATHKHOJ, BHILAI, TEH AND DIST-DURG, (C.G.)
(CD 2) VIKAS KUMAR, NEW TIMBER MARKET, FAFADIH NEAR PATIDAR BHAWAN, RAIPUR (C.G.)
Raipur, CHHATTISGARH-492001
(CD 3) P BHASKAR RAO, QTR NO 29-D, STREET NO 3,SEC-2, WARD NO 39P,BHILAI, DURG, (C.G.)
Durg, CHHATTISGARH-492001
This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in OA/875/2021 an amount of Rs 8113902.74 (Rupees Eighty One Lakhs Thirteen thousands Nine Hundred Two And Paise Seventy four Only) along with pendentelite and future interest @ 10.15% Simple Interest Yearly w.e.f. 07/10/2021 till realization and costs of Rs. 84000 (Rupees Eighty Four Thousands Only) has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on 22/05/2024 at 10:30 a.m. for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay.
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date : 22/03/2024.
Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR




### निकहत, मनिका और श्रीशंकर को मिली वित्तीय सहायता

**नई दिल्ली।** मुक्केबाज निकहत जरीन, लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर, टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और शॉटगन निशानेबाज भवानीश मेंदीरता सहित कई शीर्ष खिलाड़ियों के विदेश में अभ्यास करने के लिए वित्तीय सहायता के आग्रह को खेल मंत्रालय ने बुधवार को यहां बैठक में मंजूरी दी। मुक्केबाज निकहत, प्रीति पवार, प्रवीण हुडा और लवलीना बोर्गोहेन अपने कोच और फिजियो के साथ विशेष अभ्यास शिविर के लिए तुर्की की यात्रा करेंगे। पहलवान सुजीत (65 किग्रा), दीपक पूनिया (86 किग्रा) और नवीन (74 किग्रा) अप्रैल में एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से पहले अभ्यास के लिए रूस जाएंगे। सभी सहायता मंत्रालय के लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) के तहत प्रदान की जा रही है।




# छात्राओं को भगाया आरोपियों के घरों पर भीड़ ने किया पथराव



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबिकापुर

परीक्षा देने के नाम पर घर से निकली दो नाबालिग छात्राओं को विशेष समुदाय के युवकों द्वारा भगाकर ले जाने की घटना के बाद रघुनाथपुर में तनावपूर्ण माहौल निर्मित हो गया। पुलिस ने रांची से दोनों छात्राओं को बरामद कर युवकों को गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों का आक्रोश भड़क उठा। बड़ी संख्या में लोगों ने आरोपियों के घरों का घेराव कर पत्थरबाजी की। एक घर में आग लगाने का भी प्रयास किया। बुधवार को लोगों ने नगर बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर क्षेत्र में रहने वाली दो छात्राएं परीक्षा देने घर से निकली थीं लेकिन वे घर नहीं लौटी। छात्राओं के घर नहीं आने पर परिजन ने पुलिस से इसकी शिकायत की। एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में पुलिस टीम ने साइबर सेल की मदद से नाबालिग छात्राओं को झारखंड के रांची से बरामद किया।

■ पुलिस ने रांची से सकुशल किया बरामद

### भड़का आक्रोश घर पर पथराव

दो नाबालिग किशोरियों को भगाकर ले जाने की जानकारी मिलने के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा। बड़ी संख्या में लोग इस घटना के विरोध में थाने पहुंच गए और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद लोगों ने आरोपियों के घरों पर पथराव किया तथा आगजनी की कोशिश की। बुधवार को लोगों ने सुबह से ही अपनी दुकानें बंद रखी और विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के कारण सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक एनएच 43 पर आवागमन प्रभावित रहा। स्थिति को देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था।

### स्थिति नियंत्रण में

दो नाबालिग छात्राओं को फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत मिली थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए समय रहते दोनों छात्राओं को बरामद करने के साथ ही आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल अपहरण का मामला दर्ज कर घटना की जांच चल रही है। क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किया गया है और अब स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी, सरगुजा

### जिला व पुलिस प्रशासन ने ली बैठक

नाबालिग छात्राओं को भगाए जाने के बाद नागरिक आक्रोशित थे। लोगों का कहना था कि आरोपियों को रघुनाथपुर चौकी लाया जाए ताकि घटना को अंजाम देने वाले लोगों को बाकी लोग भी देख सके। लोगों का कहना था कि इस मामले में ऑटो चालक को बचाया जा रहा है जिसने इन छात्राओं को भगाने में मदद की थी। बुधवार को अपर कलेक्टर व एएसपी ने क्षेत्र में वरिष्ठ नागरिकों की बैठक लेकर उनसे चर्चा की और दोषियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया जिसके बाद स्थिति सामान्य हो पाई।

# टूरिज्म सेक्टर में भी आगे हैं दुनिया के सबसे ताकतवर देश

## 'मोस्ट पॉवरफुल कंट्री'की लिस्ट में टॉप पर अमेरिका, भारत 12वें नंबर पर

दुनिया का सबसे ताकतवर देश कौन सा है? ये सवाल हम सभी एक दूसरे से पूछते हैं या फिर इंटरनेट पर सर्च करते हैं 'मोस्ट पॉवरफुल कंट्री' कौन सी है? अब इस सवाल का जवाब आपको आज हम देने वाले हैं। बता दें, यूएस न्यूज का ये रैंकिंग मॉडल बीएवी ग्रुप द्वारा तैयार किया गया है। इस रैंकिंग को तैयार करने के लिए पांच चीजें तय की गई हैं। वो हैं - ए लीडर, आर्थिक-राजनीतिक प्रभाव, मजबूत अंतरराष्ट्रीय गठबंधन और एक स्ट्रांग आर्मी। रैंकिंग में मार्च महीने की जीडीपी को देखते हुए अर्थव्यवस्था और जनसंख्या को भी शामिल किया गया है। बता दें, इस लिस्ट में बताए गए देश ना केवल पॉवरफुल कंट्रीज में आते हैं, बल्कि घूमने के लिहाज से भी इन्हें सबसे ऊपर गिना जाता है। अमेरिका से लेकर चीन तक और जर्मनी से लेकर भारत देश तक हर कोई के बार इन प्लेसेस को एक बार अच्छे से घूमना चाहता है, जानकारी के अनुसार इन सूची वाले देशों का टूरिज्म सेक्टर भी सबसे ज्यादा स्ट्रांग है, यहां हर साल लाखों-करोड़ों की संख्या में लोग यात्रा करने आते हैं।



### अमेरिका है टॉप पर

इस लिस्ट में अमेरिका 27.97 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी के साथ टॉप पर खड़ा है। अमेरिका की आबादी कुल 339.9 मिलियन है। अमेरिका में कई ऐसी जगह हैं, जो किसी भी दूसरे देश को खूबसूरती के मामले में टक्कर दे सकती हैं।

**अमेरिका की टॉप 5 प्लेस**

| | |
|---|---|
| फ्रीमोंट ट्रोल | सिएटल, वाशिंगटन |
| एरिया 51 | लास वेगास, नेवादा |
| कार हेंज | इंग्लैंड के स्टोनहेंज |
| रेसट्रैक | कैलिफोर्निया-नेवादा |
| कोरल कैसल | फ्लोरिडा |



### चीन है दूसरे नंबर पर

दूसरे नंबर पर 18.56 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के साथ चीन है, और चीन की आबादी 1.42 बिलियन है। चीन टेक्नोलॉजी के मामले में सभी देशों से बेहद ऊपर है, और यहां घूमने-फिरने के लिए ऐसी-ऐसी जगह हैं, जिन्हें देखकर आपका सिर चकरा जाएगा।

**चीन की टॉप 5 प्लेसेस**


ग्रेट वॉल ऑफ़ चीन, तिब्बत, बीजिंग, शांघाई, द सिल्क रोड

### तीसरे स्थान पर रूस

रूस 1.90 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी और 144 मिलियन आबादी के साथ तीसरे नंबर पर है। रूस और यूक्रेन युद्ध के बाद से लोग रूस के बारे में सबसे ज्यादा जानना चाहते हैं, और शायद पॉवरफुल कंट्री की लिस्ट में आने के बाद आपकी दिलचस्पी और बढ़ गई होगी।

**रूस की टॉप 5 प्लेस**

लेक बैकल, मॉस्को, सेंट पीटरबर्ग, अल्टाई, सोची





### भारत है इस नंबर पर

टॉप 10 में भारत तो नहीं आ पाया, लेकिन हां भारत 12 वें नंबर पर जरूर है। इस लिस्ट में 11 वें नंबर पर है इजरायल। इसके बाद भारत आता है, जिसकी अर्थव्यवस्था 3.39 ट्रिलियन डॉलर की है। रिपोर्ट का कहना है कि किसी देश की जनसंख्या का साइज उसकी पॉवर रैंकिंग पर प्रभाव डाल सकता है। और यही कारण है भारत अभी 12 वे पायदान पर मौजूद है।

### ये देश भी हैं इस लिस्ट में शामिल

टॉप तीन देशों के बारे में जानने के बाद, लिस्ट भी एक बार देख लें। जर्मनी 4.70 ट्रिलियन की इकोनॉमी के साथ और 83.2 मिलियन जनसंख्या के साथ चौथे नंबर पर है। वहीं ब्रिटेन 3.59 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के साथ 67.7 मिलियन आबादी वाला पांचवा देश है। इस लिस्ट में छठे नंबर पर है साऊथ कोरिया, इसकी अर्थव्यवस्था 1.78 ट्रिलियन डॉलर और आबादी 51.7 मिलियन है।

# न्यूजीलैंड में बहती हैं 'शहद की नदियां'

## दूसरे नंबर पर है चीन



नई दिल्ली। क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा शहद का एक्सपोर्ट कौन देश करता है? इसका जवाब है न्यूजीलैंड। इस छोटे से देश ने 2022 में 333.34 मिलियन डॉलर यानी करीब 275 करोड़ रुपये का शहद एक्सपोर्ट किया। हनी सोर्स के मुताबिक दुनिया के नेचुरल हनी एक्सपोर्ट में न्यूजीलैंड की हिस्सेदारी करीब 12 फीसदी है। न्यूजीलैंड मनुका शहद एक्सपोर्ट करने वाला दुनिया का एकमात्र देश है। मधुमक्खी यह शहद एक खास किस्म के फूल से बनाती हैं। इसमें कई तरह के औषधीय गुण पाए जाते हैं। इस कारण दुनियाभर के कई देशों में इसकी काफी मांग है। यह काफी महंगा बिकता है। भारत में इसका 350 ग्राम का पैक करीब 4,000 रुपये का है। न्यूजीलैंड की हनी एक्सपोर्ट से होने वाली कुल कमाई में मनुका शहद की हिस्सेदारी 82 फीसदी है।

### भारत में शहद उत्पादन

इस लिस्ट में भारत नौवें नंबर पर है। भारत ने 2020 में 8.756 करोड़ डॉलर का हनी एक्सपोर्ट किया था। राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड के मुताबिक फाइनेंशियल ईयर 2021-22 में भारत ने 1,55,000 टन से अधिक शहद का उत्पादन हुआ। भारत में सबसे ज्यादा शहद उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, बिहार और मध्य प्रदेश में होता है। उत्तर प्रदेश में लखीमपुर खीरी, बहराइच, सिद्धार्थ नगर और बस्ती में शहद का सबसे ज्यादा उत्पादन होता है। गुजरात में खेड़ा, आणंद और वडोदरा, पंजाब में लुधियाना, जालंधर और मध्य प्रदेश में उज्जैन, इंदौर और देवास में शहद का उत्पादन होता है।




# रामलला की मूर्ति नहीं मेकअप का है कमाल



नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में आसनसोल के रहने वाला एक दंपती इन दिनों काफी सुर्खियों में है। इसकी वजह है इन दोनों द्वारा एक बच्चे का मेकअप कर उसे हूबहू रामलला की मूर्ति जैसा रूप देना. मेकअप के बाद जिसने भी बच्चे को देखा, वो हैरान रह गया। दरअसल, आशीष कुंडू और उनकी पत्नी रूबी कुंडू ने मोहिसीला इलाके में रहने वाले 10 साल के अबीर का मेकअप किया और हुबहू अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित रामलला की मूर्ति का रूप दिया। आशीष का कहना है कि 22 जनवरी को राम मंदिर में हुई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के समय से ही मूर्ति बनाने की इच्छा थी। मगर, किसी कारण पूरी नहीं हो सकी।

### परिवार से ली परमिशन'

ऐसे में उनके मन में हमेशा ये बात आती थी कि राम लल्ला के लिए कुछ अद्भुत और अलग हटकर करें, जिसे पूरा देश देखे. इस दृढ़ विश्वास के साथ घूमते रहे। इसी बीच उनकी मुलाकात अबीर से हो गई। फिर उसके परिजनों से मुलाकात की और मेकअप कर रामलला का रूप देने की इच्छा जताई। बच्चे को देखकर लोग बोले इस पर परिजनों ने हामी भर दी और फिर रूबी और आशीष तैयारियों मे जुट गए। दोनों एक ब्यूटी पार्लर चलाते हैं। ऐसे में दिन में पार्लर का काम देखते और रात में अबीर को रामलला का रूप देने की तैयारियां करते। करीब एक महीने में दोनों ने बच्चे को तैयार किया और मेकअप कर हूबहू रामलला का रूप देने में सफल हो गए।

### पालतू कुत्ते के लिए बुजुर्ग मगरमच्छ से लड़ पड़े

नई दिल्ली। इंसान और कुत्तों का रिश्ता बेहद खास होता है. आपने अक्सर कुत्तों को अपने मालिक के प्रति वफादारी दिखाते, उनकी जान बचाते हुए देखा होगा, पर क्या आपने कभी किसी मालिक को ऐसा करते देखा है? अमेरिका के एक बुजुर्ग आदमी ने ऐसा ही किया, उसने अपने पालतू कुत्ते के लिए मौत से सामना किया, और उसकी जान बचा ली. इस शख्स ने एक 7 फीट लंबे मगरमच्छ के मुंह तक में कुत्ते को बचाने के लिए हाथ डाल दिया।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com